वर्ष- 22 अंक - 74 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, बुधवार 26 अगस्त 2026

# ट्रक में घुसी बस, 6 की मौत, 20 घायल

**हैदराबाद ● एजेंसी**

तेलंगाना में हैदराबाद-विजयवाड़ा नेशनल हाईवे पर आज तड़के एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। यात्रियों से भरी एक प्राइवेट बस खड़े कंटेनर ट्रक से टकरा गई, जिससे छह लोगों की मौत हो गई। वहीं कम से कम बीस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह भयानक हादसा तेलंगाना के सूर्यपेट जिले के कोडद मंडल में द्वारकुंटा के पास हुआ। बस हैदराबाद से एलुरु जा रही थी, तभी वह लोहे की छड़ों से लदे कंटेनर से टकरा गई। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि कंटेनर से बाहर निकली लोहे की छड़ें बस के अगले हिस्से को चीरती हुई अंदर घुस गईं, जिससे शीशे टूट गए और छड़ें यात्रियों की सीटों तक पहुंच गईं, आगे बैठे लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। बस में लगभग 42 यात्री सवार थे। हादसा सुबह 4:30 से 5 बजे के बीच हुआ।




## कीर्तन कर रहे लोगों को कार ने कुचला पांच की मौत

बिहार में सुपौल के पिपरा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे कीर्तन कर रहे लोगों को कुचल दिया। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।




## डॉली पार्टन के सम्मान में झुकेगा अमेरिकी झंडा

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिकी म्यूजिक आइकॉन डॉली पार्टन ने दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। 6 दशक तक म्यूजिक इंडस्ट्री पर राज करने वाली 80 साल की डॉली ने आज सुबह अपनी अंतिम सांसें लीं। उनके भतीजे ने उनके निधन की खबर साझा करते हुए कहा कि वो शांतिपूर्वक स्वर्ग सिधार चुकी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सिंगर को श्रद्धांजलि देते हुए बताया कि एक हफ्ते तक अमेरिकी झंडा झुका रहेगा।

## इस्लामाबाद के सबसे बड़े अस्पताल में भीषण आग

# 15 नवजातों की जलने से मौत

**इस्लाबाद.एजेंसी।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में आज एक सरकारी अस्पताल में भीषण आग लगने से कम से कम 15 नवजात बच्चों की मौत हो गई।आग पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के गायनेकोलॉजी वार्ड की नर्सरी में लगी। घटना के समय नर्सरी में 16 नवजात बच्चे भर्ती थे। इनमें से केवल एक बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका, जबकि 15 नवजातों की मौत हो गई। रेस्क्यू अधिकारियों के अनुसार, अस्पताल की नर्सरी के अंदर एयर कंडीशनर का कंप्रेसर फटने के बाद आग लगी। इसके बाद आग तेजी से फैल गई और वार्ड में धुआं भर गया। आग अस्पताल के श्ण्ण वार्ड की तीसरी मंजिल पर लगी थी। जिला प्रशासन के अनुसार, हादसे में 14 बच्चों के शव पूरी तरह झुलस गए। घटना के बाद अस्पताल और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## एक ही परिवार के 8 लोगों की गोली मारकर हत्या, घर में लगा दी आग

### मृतकों में 4 बच्चे, हमलावर ने खुद को भी शूट किया

**बीजिंग्स ● एजेंसी**

अमेरिका के मोंटाना के बिलिंग्स शहर में एक परिवार के 8 लोगों की हत्या कर दी गई। घटना उस समय हुई जब परिवार के लोग एक साथ डिनर कर रहे थे। आरोपी ने सबको गोली मारने के बाद घर में आग लगा दी। फिर खुद को भी शूट कर लिया। आरोपी के अलावा मरने वाले लोग एक ही परिवार की चार पीढ़ियों से थे। इनमें 4 बच्चे भी शामिल हैं। घर से फायरिंग की आवाज आने के बाद पुलिस पहुंची, तब तक वारदात हो चुकी थी और जलते हुए घर से धुआं निकल रहा था।



**केरल अब केरलम-** नई दिल्ली.एजेंसी। केंद्र सरकार ने केरल का नाम बदलकर केरलम करने की अधिसूचना जारी कर दी है। नया नाम 25 अगस्त से लागू हो गया है। केरल का नाम बदलने वाला विधेयक 11 अगस्त को लोकसभा और अगले दिन 12 अगस्त को राज्यसभा से पास हुआ था।

## वंदे भारत पर पथराव राज्यपाल थीं सवार

**सूरत.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल वंदेभारत एक्सप्रेस से मुंबई से अहमदाबाद जा रही थीं। ट्रेन सूरत रेलवे स्टेशन से रवाना होने के बाद उतरण स्टेशन के पास पहुंची, तभी एक युवक ने ट्रेन पर पथराव कर दिया जिससे दो कोच के शीशे टूट गए, बाद में पुलिस ने पत्थर मारने वाले युवक को पकड़ लिया।

## हिमाचल में सुबह-सुबह भूकंप के झटके

**शिमला.एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में आज सुबह 5:46 बजे 4.0 तीव्रता का भूकंप आया। डर के मारे लोग घरों से बाहर निकल आए। इसका केंद्र शिमला से 66 किमी दूर जुब्बल-कोटखाई में था। शिमला, सोलन, सिरमौर, बिलासपुर और मंडी में झटके महसूस किए गए। कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है।

## पंजाब में 55 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है भाजपा

***अकाली दल से बातचीत जारी***

**चंडीगढ़.एजेंसी।** पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 के लिए भारतीय जनता पार्टी और शिरोमणि अकाली दल के बीच गठबंधन की चर्चा जारी है। हालांकि दोनों दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर कुछ अनबन देखी जा सकती है। बीजेपी अपने लिए 55 सीटों की डिमांड रख रही है, लेकिन शिअद केवल 45 सीटें देने को तैयार है। सहमति नहीं बनती तो गठबंधन नहीं होगा। ऐसी स्थिति में बीजेपी अकेले सभी 117 विधानसभा सीटों पर भी चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है।

## इंदौर में जाते-जाते बरसा सावन

# अलसुबह तड़ातड़ पानी



वाराणसी के अस्पताल में भरा पानी....

### काशी में सभी 84 घाट डूबे, 5000 दुकानें बंद, अस्पताल में भी घुसा पानी

**बुधवार.एजेंसी।** इंदौर में जुलाई के पहले हफ्ते में झमाझम पानी गिरा था, उसके बाद से अब तक सूखे जैसे हालात हैं। पूरा सावन लगभग सूखा निकल गया। अब सावन के समापन से पहले कल आधी रात को इंदौर में तड़ातड़ पानी गिरा जो सुबह तड़के तक गिरता रहा। करीब 1 इंच बारिश हुई। मुरैना, सतना, नागौद, विदिशा सहित कुछ अन्य इलाकों में भी बारिश हुई। मध्यप्रदेश में अभी तक 68 प्रतिशत बारिश हुई है। उधर उत्तरप्रदेश काशी के सभी 84 घाट डूब गए, जिसके कारण 5000 दुकानें बंद करना पड़ी। यहां अस्पताल में भी घुटनों तक पानी भर गया। बिहार के बेगूसराय में गंगा उफान पर है। नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। 50 हजार से ज्यादा लोग बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं।

## अमेरिकी वीजा अपॉइंटमेंट पर रोक

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिका ने दुनिया भर के आवेदकों के वीजा अपॉइंटमेंट पर अस्थाई रोक लगाई है। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की ओर से इमिग्रेशन (आप्रवासन) पर की जा रही सख्ती के मद्देनजर ये बड़ा कदम उठाया गया है।

## मप्र के मंत्रियों का लगेगा चिंतन शिविर

**भोपाल. एजेंसी।** ढाई साल में विभागों ने कौन-कौन से महत्वपूर्ण काम किए, कितने रह गए और उनके क्या परिणाम आए, इसकी सभी मंत्री दो दिन का विभागीय चिंतन शिविर आयोजित करके समीक्षा करें। यह शिविर सितंबर में किए जाएं। इसमें आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हो और उनके क्रियान्वयन की कार्य योजना बने। यह निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रियों को कैबिनेट की बैठक से पहले दिए।

# रेलवे में खराब व्यवस्था पर कांग्रेस ने लिखा महाप्रबंधक को पत्र

## लॉन्ड्री संचालन, यात्रियों की सुरक्षा, सफाई व्यवस्था पर भी उठे सवाल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर कांग्रेस संगठन महामंत्री प्रभारी एवं रेलवे सलाहकार समिति से जुड़े संजय बाकलीवाल ने पश्चिमी रेलवे महाप्रबंधक मुंबई को पत्र लिखा। मुख्य विषय इंदौर कोचिंग डिपो एवं लॉन्ड्री संचालन में कथित अनियमितताओं, लचर सफाई व्यवस्था तथा यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा में लापरवाही के संबंध में उच्च स्तरीय जाँच कराने का पत्र में लिखा गया। अलग-अलग ट्रेन में यात्रियों की सुविधा, स्वच्छता एवं सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर शिकायतें सामने आ रही हैं। इंदौर पश्चिम रेलवे का एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है, जहाँ प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री यात्रा करते हैं। ऐसी स्थिति में ट्रेनों के कोचिंग डिपो, वाशिंग पिट, ऑन-बोर्ड सफाई तथा लिनन/लॉन्ड्री व्यवस्था का निर्धारित मानकों के अनुरूप होना अत्यंत आवश्यक है। सफाई में लापरवाही, सफाई में शिकायतें, ट्रेनों में चूहे और काकरोच की लगातार शिकायत, गंदगी, बदबू, गंदे बेडशीट, तकिया, कम्बल में भी शिकायतें आ रही है, जो ठेका दिया गया है उनके कार्यों की प्रभावी निगरानी नहीं हो रही है। इन सबकी मॉनिटरिंग भी की जाए और जांच भी की जाए। अवध एक्सप्रेस में सफाई की लगातार शिकायतें है। इंदौर कोचिंग डिपो, वाशिंग पिट एवं लॉन्ड्री व्यवस्था की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जाँच कराई जाए। दोषी होने पर संबंधित अधिकारी और ठेकेदार कम्पनी पर कार्रवाई की जाए, जुर्माना भी लगाया जाए और उन्हें ब्लेक लिस्ट भी किया जाए। सफाई और लॉन्ड्री का औचक निरीक्षण किया जाए, चूहों और काकरोच के लिए ठीक व्यवस्था की जाए। बेटशीट, कम्बल अच्छे मिले इसके लिए व्यवस्था की जाए। बाकलीवाल ने पत्र में लिखा कि इस पूरी शिकायत को गंभीरता से लिया जाए और तत्काल कार्रवाई की जाए।

## सामुदायिक भवन की सौगात



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विधानसभा 1 के वार्ड 9 में महापौर पुष्यमित्र भार्गव और पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने भूमिपूजन कर 1 करोड़ 10 लाख के सामुदायिक भवन की सौगात दी। इस दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, मंडल पदाधिकारी सहित भाजपा नेता मौजूद थे।

## राष्ट्रीय ध्वज अपमान पर कार्रवाई की मांग

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भीम आर्मी ब्लू पैंथर, जयस, गोंडवाना आदिवासी समाज समिति, भील सेना से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पीथमपुर में 'तिरंगा कांवड़ यात्रा' के दौरान राष्ट्रीय ध्वज के अपमान पर विभिन्न संगठनों ने कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए विभिन्न संगठनों ने ज्ञापन सौंपा। उक्त जानकारी बन्ना मालवीय आम्बेडकर ने दी।



## दो शासकीय स्कूल और आंगनवाड़ी को मिली फर्नीचर की सौगात

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने विधानसभा 1 के दो स्कूल भागीरथपुरा, मेहता नगर और एक आंगनवाड़ी को विधायक निधि से फर्नीचर की सौगात दी। विजयवर्गीय ने कहा स्कूलों में बेहतर संसाधन उपलब्ध होने से बच्चों को उत्साह रहता है और शैक्षणिक विकास भी वे करते हैं।



## बड़े भैया की स्मृति में अवार्ड, अन्य सेवा कार्य भी किए गए

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** ब्राह्मण समाज और भाजपा से जुड़े रहे विष्णुप्रसाद शुक्ला बड़े भैया की चतुर्थ पुण्यतिथि पर परशुराम अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। दिनेश शर्मा को सम्मानित किया गया। परशुराम सेना के अनूप शुक्ला ने बताया कि बड़े भैया को श्रद्धांजलि अर्पण करने के साथ ही सम्मान का आयोजन किया, जिसमें कैलाश विजयवर्गीय, पुष्यमित्र भार्गव, सत्यनारायण सत्तन, संजय शुक्ला, जितेन्द्र त्रिपाठी, भूरेलाल व्यास, हृदयेश दीक्षित सहित अन्य बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाजजन मौजूद रहे। वहीं कॉलेज परिसर में कान्यकुब्ज विद्या प्रचारिणी सभा ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। वहीं बड़े भैया विष्णुप्रसाद शुक्ला की पुण्यतिथि पर 'एक्मे प्रसादम' निःशुल्क टिफिन सेवा का शुभारंभ किया गया। वहीं करीब 20 स्थानों पर भोजन वितरण सहित अन्य सेवाकार्य किया गया।



## मंत्री समर्थक बेग ने तबर्रुक तकसीम किया

### ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मक्का-मदीना की यात्रा पर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मंत्री तुलसीराम सिलावट समर्थक मंजूर बेग विगत कई दिनों से मक्का-मदीना की यात्रा पर है। हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर मक्का-मदीना क्षेत्र में बेग ने तबर्रुक तकसीम किया। यौम ए पैदाइश सादगी के साथ मना कर जानमाज़, तस्बीह, खजूर और चॉकलेट सहित तबर्रुक आम लोगों में वितरित किए गए। भारत में अमन चैन को लेकर दुआएं भी की गई। इस दौरान मंजूर बेग, साहिल मेहर, शकील खान, नौशाद पटेल, डॉ. एके खान, उस्मान पटेल, आरिस अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।



## मंत्री विजयवर्गीय करेंगे छड़ियों का पूजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आज शाम अंतिम चौराहा स्थित राठौर समाज धर्मशाला में वीर गोगादेव एवं वीर रतनसिंह चावडिया के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में छड़ियों का पूजन करेंगे। इसके अलावा सेवादारों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

## केन्द्रीय मंत्री सिंधिया शाम को आएंगे

### 5 घंटे में एक कार्यक्रम और 4 घरों पर करेंगे शिरकत

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज शाम करीब 6.30 बजे इंदौर विमानतल पर पहुंचेंगे, जहां उनकी अगवानी भाजपा के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता करेंगे। सिंधिया सबसे पहले ब्रिलियन्ट कन्वेंशन सेंटर पहुंचेंगे। म.प्र. क्रिकेट एसोसिएशन अवार्ड कार्यक्रम में शामिल होंगे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के करीबी मुकेश शर्मा की माताजी के निधन पर रात 10 बजे शोक व्यक्त करने निवास पर पहुंचेंगे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी वहां मौजूद रहेंगे। रात 10.30 बजे के करीब सिंधिया प्रमोद टंडन के विष्णुपुरी निवास पर जाएंगे। वहां से गोविंद मालू के निवास पर रात 11 बजे के करीब ग्रेटर ब्रजेश्वर में पहुंचेंगे। रात 11.15 बजे बंगाली चौराहा अजय सेंगर के निवास पर जाएंगे और रात 11.30 बजे के करीब रेसीडेंसी ब्लू होटल में पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। कल सुबह 9.30 बजे विमानतल जाएंगे और वहां से दिल्ली के लिए निकलेंगे। कुल मिलाकर आज शाम 6.30 बजे इंदौर आकर रात 11.30 बजे तक सिंधिया एक कार्यक्रम सहित 4 अन्य जगह मिलने पहुंचेंगे।



## विमानतल पर किया स्वागत

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भाजपा संगठन में राष्ट्रीय महामंत्री बने सांसद गजेन्द्र पटेल और संगठन में मंत्री बनी सांसद कविता पाटीदार दिल्ली से विमानतल पहुंची तो रैली के पूर्व उनका स्वागत भाजपा जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी सहित कार्यकर्ताओं ने किया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सुमित मिश्रा, पुष्यमित्र भार्गव, मालिनी गौड़, प्रताप करोसिया, दीपक जैन टीनू, अन्तरसिंह दरबार सहित अन्य मौजूद थे।

## स्टाम्प ड्यूटी बढ़ाने के बजाय स्टाम्प ड्यूटी चोरी रोकी जाए-कांग्रेस

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता और अभिभाषक प्रमोद द्विवेदी ने बताया कि पूर्व में भी अभिभाषकों के साथ कमिश्नर कार्यालय में ज्ञापन दिया गया था कि स्टाम्प ड्यूटी बढ़ाने के बजाय स्टाम्प ड्यूटी में होने वाली चोरी रोकी जाएं। अब इस मामले में महानिरीक्षक पंजीयक कार्यालय भोपाल से मप्र के सभी जिला पंजीयको को पत्र जारी करके अब इस तरफ ध्यान देने का आदेश जारी किया गया है साथ ही किन धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाएगा और कौन-कौन सी जगहों पर स्टाम्प ड्यूटी चोरी हो रही है इस सबको बताया गया है। अब नगर निगम कार्यालय, नगर पंचायत,नगर पालिका से लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय में नामांतरण आदि के मामले में बड़ी बड़ी कंपनियां जो केवल आंवटन लेटर जारी करके अनुबंध लेख की स्टाम्प ड्यूटी बचा रही,बैंकों में लोन मामलों में, निजी लोन देने वालों पर, पुलिस थाने पर किरायेदार मकान मालिक सूचना पर जमा किरायेदारी पर, मोबाईल टावर पर जो मकान मालिक एवं कंपनी बीच है, ठेकेदारों आदि पर, विज्ञापन एजेंसी पर,सबसे अहम् बाजार समिति पर भी जहां महज शपथपत्र आधार पर नामांतरण किया जाता है। कुल मिलाकर सरकार अब स्टाम्प ड्यूटी चोरी पर शिकंजा कसेगी। द्विवेदी ने कहा कि इन्दौर के अभिभाषकों की बात अब महानिरीक्षक पंजीयन ने सुनकर आदेश जारी किए है। उक्त पूर्ण जानकारी एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी द्वारा दी गई।

# शकर की कीमत बढ़ी तो कांग्रेस का कल प्रदर्शन

## 24 ब्लॉक स्थानों पर एक साथ एक समय प्रदर्शन, महंगाई का उठाएंगे मुद्दा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस के द्वारा कल गुरुवार को प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शन शहर में 24 स्थान पर एक साथ एक ही समय पर होगा।**

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि शकर की कीमत में 20 रु. प्रति किलो की वृद्धि ने आम नागरिकों की कमर तोड़ दी है। इसके कारण शकर की कीमत आसमान पर पहुंच गई है। त्योहार के समय पर शकर की कीमत बढ़ जाने के कारण मिठाई मुश्किल हो गई है। रक्षाबंधन के त्योहार पर बहनें अपने भाई का मुंह कैसे मीठा करा पाएंगी।

उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने का फैसला लिए जाने के कारण गाड़ियां बिगड़ने लगी है। गाड़ियों का एवरेज बिगड़ गया है। अब गाड़ी लेकर काम करने वाले नागरिकों को गाड़ी की मरम्मत में ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ेगा। बिजली की कीमत में सरकार ने इतनी वृद्धि कर दी है कि अब बिजली का बिल करंट मारने लगा है। बिजली कंपनी के लापरवाही से जो बिजली चोरी होती है उसका बिल उन लोगों से वसूलना शुरू कर दिया गया है जो की ईमानदारी से हर महीने बिजली का बिल जमा करते हैं। चौकसे ने बताया कि गैस सिलेंडर की कीमत तो आसमान को छू रही है। यह कीमत इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि आम आदमी के लिए गैस का सिलेंडर लेना भी मुश्किल हो गया है। अपने घर में भोजन बनाने के लिए गैस के सिलेंडर का उपयोग किया जाता है। अब यह सिलेंडर इतना महंगा हो गया है कि व्यक्ति इसका उपयोग करने में भी सोचने लगा है। इन सब स्थितियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार इंदौर शहर कांग्रेस के द्वारा कल 27 अगस्त को महंगाई विरोधी आंदोलन किया जाएगा। यह आंदोलन इंदौर शहर में कांग्रेस के सभी 24 ब्लॉक में किया जाएगा। कांग्रेस के सभी पदाधिकारी अपने-अपने निवास वाले क्षेत्र के ब्लॉक में या फिर अपने विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक में इस महंगाई मुद्दे पर आंदोलन में शामिल होंगे। यह आंदोलन सुबह 10 बजे एक साथ सभी स्थानों पर होगा।



## हल्लाबोल पोल खोल अभियान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव ने विधानसभा 4 के वार्ड 67 सेठी नगर, बाल्दा कालोनी, बारह भाई और छत्रीबाग में जनसमस्या का मुद्दा उठाया। यादव ने कहा कि कांग्रेस ने क्षेत्र में हल्लाबोल पोल खोल अभियान चलाकर विगत कुछ दिनों से नहीं आ रहे पानी का मुद्दा उठाया, ड्रेनेज लाइन कई जगह चौक है, कचरे के ढेर पड़े हुए हैं, जिससे बीमारियां फैल रही है। यादव ने कहा कि इस मामले में झोन अधिकारी को फोन भी लगाया गया। पहले ही महंगाई बढ़ी है, शकर के दाम आसमान पर पहुंच चुके हैं, बिजली के बिल भारी भरकम आ रहे हैं। यादव ने कहा कि जल्द वार्ड 67 की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो झोनल कार्यालय का घेराव किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो चक्काजाम किया जाएगा। देवेंद्रसिंह यादव, लवेश यादव, मुकेश बड़के, दीपक यादव, सलीम खान, धर्मेंद्र कटारिया, नीतीश भारद्वाज, महेंद्रसिंह यादव, मंजुला सोनी, सीमा यादव, शैलेंद्र कर्व, देवेन्द्र जोशी सहित अन्य मौजूद थे।

### भाजपाइयों का आज दोपहर पौधारोपण का बड़ा अभियान

**इंदौर।** आज दोपहर 2.30 बजे से बोहरा कॉलोनी, गांधीनगर मेट्रो स्टेशन के पास, सुपर कॉरिडोर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत इंदौर में 21 लाख पौधे लगाने के वृहद महाअभियान के अंतर्गत संतों-महंतों की मौजूदगी में बड़ी संख्या में भाजपाई पौधारोपण करेंगे। प्रमुख रूप से कैलाश विजयवर्गीय, शंकर लालवानी, पुष्यमित्र भार्गव, आकाश विजयवर्गीय, सुमित मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता, संत, रहवासी मौजूद रहेंगे।

## पिता को याद कर छलके कविता के आंसू विजयवर्गीय ने गले लगाकर बंधाया ढांढस

### *राष्ट्रीय पदाधिकारियों के स्वागत में नदारद रहे विधायक पटेल और ठाकुर*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



भाजपा के राष्ट्रीय संगठन में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के कल इन्दौर आगमन पर रैली निकाली गई। महासचिव बनाए गए गजेन्द्र पटेल और मंत्री बनाई गई कविता पाटीदार का विमानतल से भाजपा कार्यालय तक जगह-जगह स्वागत किया गया। भाजपा कार्यालय पर मंच पर पिता को याद कर पाटीदार के आंसू छलक गए।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भाजपा कार्यालय पर आयोजित सम्मान समारोह में अपना उदबोधन दे रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कविता पाटीदार के पिता एवं पूर्व मंत्री भेरूलाल पाटीदार का स्मरण किया इसके बाद पिता को याद कर मंच पर कविता के आंसू छलक गए। कविता ने अपने पिता के करीबी विजयवर्गीय के पैर छुए, उनकी आंखों में आंसू देख भावुक क्षण में विजयवर्गीय ने भी कविता को गले लगाकर ढांढस बंधाया। राष्ट्रीय पदाधिकारियों के स्वागत के लिए एयरपोर्ट से भाजपा कार्यालय तक अलग-अलग जगह स्वागत किया गया। रैली मार्ग को विधानसभावार बांटा गया था। खास बात यह है कि स्वागत में विधायक उषा ठाकुर और मनोज पटेल नदारद रहे। उषा ठाकुर वैसे कल अपनी विधानसभा क्षेत्र में ही थी इसके बावजूद वे स्वागत में नहीं पहुंची। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव के बाद से ही कविता पाटीदार और उषा ठाकुर के सम्बंधों की चर्चा राजनीतिक गलियों में रही है। कुछ माह पूर्व में महू में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में हुए कार्यक्रम में भी शिलान्यास पट्टिका पर नाम नहीं होने के कारण पाटीदार ने नाराजगी जताई थी जिसके बाद दोनों नेत्रियां एक बार फिर आमने-सामने हुई। इधर मनोज पटेल भी अपने पिता के स्मरण में कराए जा रहे कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण नहीं पहुंचे। वहीं तुलसीराम सिलावट कैबिनेट में शामिल होने के लिए भोपाल गए थे। ओरछा की जिम्मेदारी होने के कारण गौरव रणदिवे भी शहर से बाहर थे। सावन सोनकर सहित कई पदाधिकारी नजर नहीं आए। खास बात यह है कि कविता पाटीदार अम्बेडकर नगरी महू क्षेत्र से है, इसके बावजूद उषा ठाकुर समर्थक एवं मंडल अध्यक्षों ने स्वागत से दूरी बनाए रखी।

### मिश्रा ने विजयवर्गीय को रोका

कल राष्ट्रीय संगठन पदाधिकारियों के स्वागत के लिए नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को कैबिनेट में शामिल होने से रोक लिया। मंत्री विजयवर्गीय ने मंच से कहा कि मिश्रा का आदेश था इसलिए कैबिनेट में नहीं गया। अब राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि शहर में दो मंत्री है, लेकिन मिश्रा ने केवल एक मंत्री को ही क्यों रोका, क्या सिलावट ने उनकी बात नहीं मानी या फिर खराब मैनेजमेंट के कारण एक ही मंत्री उनकी बात सुनते है।



## शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने निकाली गड्ढे में फंसी कार, बाद में बताए गड्ढे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने बाम्बे हास्पिटल की साइड वाली सर्विस रोड पर गड्ढे में फंसी दूसरे व्यक्ति की कार को खुद धक्का लगाकर निकलवाया और बाद में चौकसे ने इस सर्विस रोड की गड्ढे वाली सड़कों को भी दिखाया और कहा कि निगम इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। शहर में जगह-जगह गड्ढे हैं और लोग परेशान है। इंदौर शहर की साढ़े 5 विधानसभा के 85 वार्डों में बरसात के पूर्व पेचवर्क नहीं किया गया, जिसका खामियाजा लोग भुगत रहे हैं। अब गड्ढे इतने बढ़े हो गए हैं कि उनमें कार के पहिये तक फंसने लगे हैं। चौकसे ने कहा कि कब धृतराष्ट्र रूपी निगम की नींद खुलेगी और कब लोगों को राहत मिलेगी।

### राष्ट्रीय कलमकार मंच की बैठक कल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** राष्ट्रीय कलमकार मंच की बैठक 27 अगस्त गुरुवार को दोपहर 4 बजे इंडियन कॉफी हाउस, रीगल तिराहा पर होगी।

## ज्योतिबा फुले मंडल ने रीगल पर किया स्वागत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ज्योतिबा फुले मंडल के उपाध्यक्ष पं. जसराज शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय पदाधिकारियों का सम्मान नेहरू पार्क के समीप किया गया। विधायक महेन्द्र हार्डिया की अगुवाई में महेश जोशी, दीपक राजोरिया, मलखान कटारिया, नरेश पुरोहित, बबलू खां पवार, बबलू तंवर, केशव मीणा,राम मीणा, मुकेश बासोलिया, सुनील सिंह, ओम प्रकाश चंदेल ने स्वागत किया।





### भाजपा नेता ने कराया रुद्राक्ष का वितरण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा नेता जसराज शर्मा और रविंद्र सोनी ने श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर संजना पार्क कॉलोनी में अपने गुरु रामानुजाचार्य स्वामी जानकी प्रपन्नाचार्य महाराज के साथ नेपाल से मंगाए अभिमंत्रित रुद्राक्ष का वितरण किया। उसके पूर्व अभिषेक, पूजन, आरती हवन का आयोजन किया गया था। जसराज शर्मा, राकेश तिवारी, जुगलकिशोर पांचाल, नरेन्द्र अग्रवाल, आशीष सिंह, गोपाल स्वामी, प्रहलाद पटेल, रविंद्र सोनी नामदेव, मुकेश गुप्ता, हिम्मतसिंह तंवर एवं श्रद्धालु मौजूद थे।

## जयवर्धन सिंह पहुंचेंगे पटवारी के निवास पर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पूर्व मंत्री और विधायक जयवर्धन सिंह आज दोपहर 12 बजे इंदौर विमानतल पर पहुंचेंगे, जहां उनकी अगवानी समर्थक करेंगे। जयवर्धन सिंह के करीबी सुवेग राठी ने बताया कि दोपहर 12 बजे विमानतल पर आने के बाद जयवर्धन सिंह दोपहर 1 बजे जीतू पटवारी के बिजलपुर निवास पहुंचेंगे और वहां पटवारी के काका के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त करेंगे।

# सीमेंट की सड़कों के पेंचवर्क पर खर्च होंगे 2 करोड़

## निगम ने सारे शहर को चार हिस्से में बांटा, अब देंगे काम का ठेका

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम के द्वारा सीमेंट की सड़कों का पेंचवर्क करने के काम पर 2 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। इस काम के लिए निगम ने सारे शहर को चार हिस्से में बांटा है। अब इस काम को करने के लिए ठेका दिया जाएगा।

सड़कों की बदहाल स्थिति से हर कोई वाकिफ है। सड़क चाहे डामर की हो या सीमेंट की हो हर सड़क पर इतने गड्ढे हो गए हैं कि वाहन चालक के लिए वाहन लेकर निकलना मुश्किल हो जाता है। स्थिति तो इतनी ज्यादा खराब हो चुकी है कि पैदल चलने वाले नागरिक को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क के गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं भी हो रही हैं और लोग परेशान भी हो रहे हैं। लेकिन उसके बावजूद इस स्थिति की तरफ ध्यान देने के लिए नगर निगम तैयार नहीं है। बारिश का मौसम शुरू होने से पहले नगर निगम के द्वारा जो पेंचवर्क करवाया गया था वह पानी नहीं गिरने के बावजूद मामूली बारिश में भी बह गया है। इससे यह अच्छी तरह से समझा जा सकता है कि नगर निगम के द्वारा कितना अच्छा काम करवाया गया था।

बारिश के मौसम में लगातार सड़कों की बुरी हालत को लेकर आवाज उठ रही है। कहीं से सड़क बह गई है तो कहीं पर सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गई है। सड़क की इस स्थिति को बदलने के लिए जनता के प्रतिनिधियों की ओर से मांग की जा रही है। अब नगर निगम को भी इस मांग पर ध्यान देना पड़ रहा है। पिछले दिनों नगर निगम के द्वारा डामर की सड़कों के पेचवर्क के लिए टेंडर जारी किया गया था। इसके बाद यह सवाल उठने लगा था कि आखिर सीमेंट कांक्रीट की सड़कों के गड्ढे का क्या होगा। अब इस सवाल का भी जवाब नगर निगम देने की स्थिति में आ गया है। निगम के अधिकारियों ने सारे शहर की सीमेंट की सड़कों पर पैच वर्क का काम करने के लिए योजना तैयार कर उसे मंजूरी दी है। इस योजना के अनुसार पूरे शहर को चार हिस्से में बांटा गया है। हर हिस्से का पैच वर्क का काम करने पर 50 लाख रुपए से लेकर 54 लाख रुपए तक की राशि खर्च की जाएगी। इस पूरे कार्य पर 2 करोड रुपए से कुछ ज्यादा राशि खर्च होगी। निगम के द्वारा इस काम को करने के लिए एजेंसी के चयन की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। हर पैकेज के लिए अलग एजेंसी ली जाएगी। ऐसी भी कोई रोक-टोक नहीं लगाई गई है कि एक एजेंसी दो पैकेज या उससे ज्यादा पैकेज का काम नहीं ले सकेंगी।

### बारिश के मौसम के बाद होगा काम

नगर निगम के द्वारा यह तैयारी की जा रही है कि 30 सितंबर को आधिकारिक तौर पर बारिश का मौसम समाप्त हो जाएगा। इस मौसम के समाप्त होने के बाद ही शहर में डामर और सीमेंट की सड़कों के पैच वर्क का काम शुरू किया जाएगा। अक्टूबर के महीने से शुरू होने वाले इस काम को इस तरह से तेजी के साथ किया जाएगा कि दीपावली के त्यौहार के मौके पर शहर की सड़कों की स्थिति बेहतर हो जाएं। सड़कों की खराब स्थिति को लेकर नागरिकों के द्वारा दर्ज की जा रही शिकायत समाप्त हो जाएं। निगम के द्वारा बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद से लेकर दीपावली का त्योहार शुरू होने के पहले के समय तक में सारा पेंचवर्क का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि इतने समय में तो जो सड़क खराब हो चुकी है उसे सही कर दिया जाएगा। इसके साथ इसके बाद में जहां भी आवश्यकता पड़ेगी वहां पर भी उस समय पर पैच वर्क करवाया जा सकेगा। इसके लिए नगर निगम के द्वारा जो टेंडर जारी किया गया है उसमें काम करने की अवधि को 8 महीने रखा गया है।

# 53 दिन बाद इंदौर में करीब एक इंच बारिश

### 4 जुलाई को हुई थी सवा 2 इंच बारिश, इसके बाद से था तेज बारिश का इंतजार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट




करीब 53 दिन के लंबे अंतराल के बाद पिछले 24 घंटे में इंदौर में करीब 1 इंच बारिश हुई है। इसके पहले 4 जुलाई को इंदौर में सवा दो इंच बारिश हुई थी। उसके बाद से इंदौर में तेज और अच्छी बारिश का इंतजार किया जा रहा था।

कल रात में 3:00 बजे से इंदौर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश शुरू हो गई। यह बारिश सुबह तक रुक-रुक कर होती रही। सुबह भी शहर का मौसम साफ नहीं था। आसमान पर बादल छाए हुए थे। यह लग रहा था कि अभी फिर से बारिश शुरू होगी और आज का दिन भी रुक रुक कर होने वाली बारिश के नाम पर रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार की सुबह 8:00 बजे से लेकर बुधवार की सुबह 8:00 बजे तक की अवधि में कुल 23.1 मिली मीटर बारिश हुई है।

इस बारिश को करीब 1 इंच बारिश माना जा सकता है। पिछले काफी समय से इंदौर अच्छी और जोरदार बारिश का इंतजार करता हुआ नजर आ रहा था। इस अवधि में इंदौर में कभी भी तेज और अच्छी बारिश नहीं हो रही थी। इस दौरान इंदौर में या तो पानी ही नहीं गिरता या फिर कुछ मिलीमीटर पानी गिर जाता और मौसम बदल जाता था। मौसम विभाग के अनुसार इसके पहले 4 जुलाई को इंदौर में 64.01 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई थी जो की करीब सवा 2 इंच हुई थी। इसके बाद से कभी भी इंदौर में अच्छी और जोरदार बारिश नहीं हुई थी।

मौसम विभाग के अनुसार 12 अगस्त को 16.5, 11 अगस्त को 10, 1 अगस्त को 15.9, 23 जुलाई को 17.4, 8 जुलाई को 17.8, 7 जुलाई को 15.5 और 4 जुलाई को 64.01 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई थी। इस तरह 53 दिन बाद इंदौर में करीब 1 इंच बारिश होने की स्थिति बनी है। इस मौसम में अब तक 18 इंच से थोड़ी सी ज्यादा बारिश इंदौर में हो गई है। पिछले साल इस समय तक हुई बारिश की तुलना में यह करीब 9 इंच कम है।

# 65 रुपए लीटर खरीद मूल्य की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

## दूध की लागत बढ़ी, किसानों ने खोला मोर्चा

### *कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



आगामी 1 सितंबर से दूध की नई दरें तय होने से पहले दूध उत्पादक किसानों ने अपनी मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। उत्पादन लागत में लगातार बढ़ोतरी और किसानों को कम खरीद मूल्य मिलने का आरोप लगाते हुए किसान शोषण विरोधी मंच के नेतृत्व में किसानों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों ने दूध का खरीद मूल्य बढ़ाकर 65 रुपए प्रति लीटर किए जाने की मांग की है। इससे पहले सोमवार शाम इंदौर बाईपास स्थित झालरिया में किसान शोषण विरोधी मंच की ओर से दूध उत्पादक किसानों की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में दिलीप सिंह पवार और महेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में दूध उत्पादक किसान मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दूध उत्पादन में आने वाली वास्तविक लागत और किसानों की मेहनत को ध्यान में रखते हुए सरकार और प्रशासन के समक्ष 65 रुपए प्रति लीटर खरीद मूल्य की मांग मजबूती से रखी जाएगी। इसी मांग को लेकर मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया।

**लागत बढ़ी, खरीद मूल्य पर किसानों का विरोध-** किसानों का कहना है कि पशुओं की कीमत से लेकर खली-भूसा, चारा, दवाइयों और मजदूरी तक की लागत लगातार बढ़ रही है। इसके बावजूद गांवों से दूध खरीदने वाले व्यापारियों द्वारा किसानों को करीब 45 से 55 रुपए प्रति लीटर तक का भुगतान किया जा रहा है। किसानों का दावा है कि मौजूदा दरों में दूध उत्पादन की वास्तविक लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है। किसान शेर सिंह, दिलीप सिंह, महेंद्र सिंह और लक्ष्मण सिंह सहित अन्य किसानों ने कहा कि दूध की नई दर तय करते समय उत्पादकों की लागत और उनकी मेहनत को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। किसानों ने सरकार से मांग की है कि खरीद मूल्य ऐसा तय किया जाए, जिससे दूध उत्पादन किसानों के लिए आर्थिक रूप से टिकाऊ रह सके।

**शहर में 65 से 70 रुपए लीटर बिक रहा दूध-** किसानों ने यह भी कहा कि जिस दूध के लिए उन्हें गांवों में 45 से 55 रुपए प्रति लीटर तक मिल रहे हैं, वही दूध शहर में उपभोक्ताओं को करीब 65 से 70 रुपए प्रति लीटर तक बेचा जा रहा है।

# विद्युत विभाग ने लगाया मीटर में छेड़छाड़ का आरोप

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

रवि पिता दिलीप वर्मा निवासी 40 मरीमाता का बगीचा ने मुख्य अभियंता पश्चिमी क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड पोलोग्राउंड को पत्र लिखकर कहा कि विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा अनावश्यक रूप से परेशान किए जाने एवं विद्युत मीटर में छेड़छाड़ का झूठा आरोप लगाए जाने के संबंध में पत्र में कहा गया। वर्मा ने कहा कि त्रिशा स्टील फर्नीचर के नाम से विद्युत बिल है। उक्त प्रतिष्ठान पर थ्री-फेज विद्युत कनेक्शन स्थापित है. जिसका सर्विस क्रमांक =3008022221 है। मीटर रीडिंग लेने आए कर्मचारी ने कहा कि विद्युत मीटर जल गया है, इसे विद्युत कार्यालय में सम्पर्क कर बदलवाया जाए, अगले दिन रवि वर्मा ने अपने भाई राहुल वर्मा को विद्युत कार्यालय भेजा जहां सहायक यंत्री ब्रजेन्द्र दुबे से उनकी चर्चा हुई। अधिकारी ने बिल देखने के बाद बताया कि अधिक लोड होने के कारण मीटर जल गया है। नए मीटर के लिए 7 जुलाई को 8700 रुपये की राशि जमा करवाई गई, साथ ही विद्युत कनेक्शन का लोड भी बढ़ाने के निर्देश दिए और यह भी कहा गया कि सभी बिलों का भुगतान कर दिया गया है। दुकान पर विद्युत मंडल से अधिकारी और कर्मचारी आए और ओवरलोडिंग की कार्रवाई करते हुए हम पर अधिक लोड पर 40,150 की पेनल्टी पंचनामा राशि बनाई गई। स्मार्ट मीटर है या नहीं इसकी जानकारी भी हमसे पूछी गई और मीटर कब लगा उसकी दिनांक भी पूछी गई, नया मीटर लगा वह भी शून्य से शुरू नहीं हुआ। मीटर का सुरक्षा कवर भी खुला हुआ था। दुकान पर आकर हम पर मीटर पर छेड़छाड का आरोप लगाया गया। हमने आरोप का आधार पूछा तो कहा कि मीटर की लैब जांच होगी और हमे पक्ष रखने के बजाय हमारे विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी गई जो न्यायोचित नहीं थी। 10 माह में दो बार हमारे विरुद्ध मनमानी कर निराधार आरोप लगाए गए जो न्याय के सिद्धांत के विपरित है। उपभोक्ता ने वरिष्ठ अधिकारी द्वारा निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कराई जाने की मांग की है।

# कल अवकाश घोषित करने की मांग

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अभिभाषक संघ इन्दौर के 'पूर्व-अध्यक्ष' गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया कि रक्षाबंधन का पर्व 28 अगस्त को है और भाई अपने बहनों के यहां एक दिन पूर्व से ही आते-जाते है। कचोलिया ने बताया कि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की मुख्य-पीठ जबलपुर और खण्डपीठ,इन्दौर-ग्वालियर के लिए 27 अगस्त का अवकाश घोषित कर दिया गया है, लेकिन जिला न्यायपालिका के लिए अभी तक 27 अगस्त का अवकाश घोषित नहीं हुआ है। कचोलिया ने माननीय मुख्य न्यायाधिपति से अनुरोध किया है कि मध्यप्रदेश की जिला न्यायपालिका के लिए भी 27 अगस्त को अवकाश घोषित किया जाए।

# सीमेंट की सड़कों के पेंचवर्क पर खर्च होंगे 2 करोड़

## निगम ने सारे शहर को चार हिस्से में बांटा, अब देंगे काम का ठेका

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम के द्वारा सीमेंट की सड़कों का पेंचवर्क करने के काम पर 2 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। इस काम के लिए निगम ने सारे शहर को चार हिस्से में बांटा है। अब इस काम को करने के लिए ठेका दिया जाएगा।

सड़कों की बदहाल स्थिति से हर कोई वाकिफ है। सड़क चाहे डामर की हो या सीमेंट की हो हर सड़क पर इतने गड्ढे हो गए हैं कि वाहन चालक के लिए वाहन लेकर निकलना मुश्किल हो जाता है। स्थिति तो इतनी ज्यादा खराब हो चुकी है कि पैदल चलने वाले नागरिक को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क के गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं भी हो रही है और लोग परेशान भी हो रहे हैं। लेकिन उसके बावजूद इस स्थिति की तरफ ध्यान देने के लिए नगर निगम तैयार नहीं है। बारिश का मौसम शुरू होने से पहले नगर निगम के द्वारा जो पेंचवर्क करवाया गया था वह पानी नहीं गिरने के बावजूद मामूली बारिश में भी बह गया है। इससे यह अच्छी तरह से समझा जा सकता है कि नगर निगम के द्वारा कितना अच्छा काम करवाया गया था।

बारिश के मौसम में लगातार सड़कों की बुरी हालत को लेकर आवाज उठ रही है। कहीं से सड़क बह गई है तो कहीं पर सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गई है। सड़क की इस स्थिति को बदलने के लिए जनता के प्रतिनिधियों की ओर से मांग की जा रही है। अब नगर निगम को भी इस मांग पर ध्यान देना पड़ रहा है। पिछले दिनों नगर निगम के द्वारा डामर की सड़कों के पेचवर्क के लिए टेंडर जारी किया गया था। इसके बाद यह सवाल उठने लगा था कि आखिर सीमेंट कांक्रीट की सड़कों के गड्ढे का क्या होगा। अब इस सवाल का भी जवाब नगर निगम देने की स्थिति में आ गया है। निगम के अधिकारियों ने सारे शहर की सीमेंट की सड़कों पर पैच वर्क का काम करने के लिए योजना तैयार कर उसे मंजूरी दे दी है। इस योजना के अनुसार पूरे शहर को चार हिस्से में बांटा गया है। हर हिस्से का पैच वर्क का काम करने पर 50 लाख रुपए से लेकर 54 लाख रुपए तक की राशि खर्च की जाएगी। इस पूरे कार्य पर 2 करोड रुपए से कुछ ज्यादा राशि खर्च होगी। निगम के द्वारा इस काम को करने के लिए एजेंसी के चयन की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। हर पैकेज के लिए अलग एजेंसी ली जाएगी। ऐसी भी कोई रोक-टोक नहीं लगाई गई है कि एक एजेंसी दो पैकेज या उससे ज्यादा पैकेज का काम नहीं ले सकेंगी।

### बारिश के मौसम के बाद होगा काम

नगर निगम के द्वारा यह तैयारी की जा रही है कि 30 सितंबर को आधिकारिक तौर पर बारिश का मौसम समाप्त हो जाएगा। इस मौसम के समाप्त होने के बाद ही शहर में डामर और सीमेंट की सड़कों के पैच वर्क का काम शुरू किया जाएगा। अक्टूबर के महीने से शुरू होने वाले इस काम को इस तरह से तेजी के साथ किया जाएगा कि दीपावली के त्यौहार के मौके पर शहर की सड़कों की स्थिति बेहतर हो जाएं। सड़कों की खराब स्थिति को लेकर नागरिकों के द्वारा दर्ज की जा रही शिकायत समाप्त हो जाएं। निगम के द्वारा बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद से लेकर दीपावली का त्योहार शुरू होने के पहले के समय तक में सारा पेंचवर्क का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि इतने समय में तो जो सड़क खराब हो चुकी है उसे सही कर दिया जाएगा। इसके साथ इसके बाद में जहां भी आवश्यकता पड़ेगी वहां पर भी उस समय पर पैच वर्क करवाया जा सकेगा। इसके लिए नगर निगम के द्वारा जो टेंडर जारी किया गया है उसमें काम करने की अवधि को 8 महीने रखा गया है।

# 'देशी जुगाड़'....ई-रिक्शा के अंदर ई-स्कूटर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर की सड़कों पर 'देशी जुगाड़' का एक ऐसा नजारा देखने को मिला, जिसे देखकर राहगीर हैरान रह गए। शहर के व्यस्त मार्ग पर एक ई-रिक्शा के अंदर इलेक्ट्रिक स्कूटर ओला को लोड करके ले जाते हुए नजर आया। पीछे से आ रहे किसी वाहन चालक ने इसकी तस्वीर खींच ली, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। ई-रिक्शा के दोनों तरफ भारी स्कूटर का संतुलन बिगड़ने से किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता था। टोइंग वैन या पिकअप गाड़ी का इस्तेमाल करने के बजाय इस तरह ई-रिक्शा में स्कूटर ले जाने का फैसला भले ही पैसों की बचत के लिए किया गया हो, लेकिन यह सड़क पर चल रहे अन्य चालकों के लिए भी खतरे का कारण बन सकता था। ओला स्कूटर को लेकर कई किस्से पहले भी सामने आए है।



# 4 लेन की बनाई जाएगी इंदौर- देपालपुर सड़क

## एमपीआरडीसी करेगा निर्माण, सरकार ने दी 4600 करोड़ के कर्ज की गारंटी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के द्वारा इंदौर से देपालपुर को जोड़ने वाली सड़क को चार लाइन की सड़क के रूप में तब्दील किया जाएगा। इसके लिए सरकार के द्वारा एमपीआरडीसी को 4600 करोड रुपए का कर्ज लेने के लिए गारंटी दी गई है। स्टेट हाईवे के रूप में पहचाने जाने वाले मार्ग के निर्माण का दायित्व लोक निर्माण विभाग के साथ मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के द्वारा निभाया जा रहा है। इस दायित्व के तहत इस कारपोरेशन के द्वारा अलग-अलग समय पर अलग-अलग सड़क का निर्माण किया जाता है। इसके साथ ही इन सड़क की देखरेख करने का काम भी किया जाता है। अब आने वाले समय में रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के द्वारा जिन सड़कों का निर्माण किया जाना है उन्हें लेकर एक प्रस्ताव कल राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में रखा गया। कैबिनेट बैठक में रखे गए इस प्रस्ताव को कैबिनेट के द्वारा मंजूरी दे दी गई है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग के द्वारा पूरे प्रदेश में कुल 12 नई सड़कों का निर्माण करने का प्रस्ताव तैयार किया गया। इन सड़कों का निर्माण करने के लिए कर्ज लेकर पैसा जुटाने का प्रस्ताव कैबिनेट के समक्ष रखा गया था। इस प्रस्ताव को कल कैबिनेट के द्वारा मंजूरी दे दी गई है। इस प्रस्ताव के अनुसार एमपी आरडीसी के द्वारा 4600 करोड रुपए का कर्ज़ नाबार्ड से लिया जाएगा। इस कर्ज से 12 सड़कों का निर्माण होगा। इन सड़कों पर बाद में टोल नाका लगा दिया जाएगा और उससे प्राप्त होने वाली राशि से कर्ज की किश्त चुकाई जाएगी। जिन सड़कों के निर्माण के लिए कर्ज लेने की मंजूरी दी गई है उनमें इंदौर जिले के अंतर्गत आने वाली इंदौर से देपालपुर तक की सड़क भी शामिल है। इस सड़क को फोर लेन सड़क के रूप में तब्दील किया जाएगा। अभी यह सड़क टू लेन है। इस तरह सड़क को चौड़ा करने का काम करते हुए उसका नवनिर्माण किया जाएगा। कल कैबिनेट के द्वारा कर्ज को मंजूरी दे दिए जाने के साथ ही अभी सड़क के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। ऐसा समझा जाता है कि इस वित्तीय वर्ष के अंत तक इस सड़क का निर्माण शुरू हो सकता है। ध्यान रहे है कि इस सड़क पर यातायात का दबाव ज्यादा होने के कारण सड़क को चौड़ा करने और वाहनों की आवाजाही को बेहतर करने के लिए पिछले काफी समय से मांग की जा रही थी।

# मुख्यालय से नहीं, जोन से बनेंगे गुमास्ता लाइसेंस!

## निगम कर रहा तैयारी; छोटे कारोबारियों को मिलेगी राहत, राजस्व बढ़ाने पर जोर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम सीमा के तेजी से विस्तार और शहर के 30 से 35 किलोमीटर तक फैल जाने के कारण अब व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के गुमास्ता लाइसेंस बनाने और नवीनीकरण की व्यवस्था में बदलाव की तैयारी है। निगम मुख्यालय से संचालित हो रही लाइसेंसिंग प्रक्रिया को एक बार फिर जोन कार्यालयों तक पहुंचाने पर विचार किया जा रहा है। इससे छोटे दुकानदारों को मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और निगम का अमला गली-मोहल्लों तक पहुंचकर बिना लाइसेंस चल रहे कारोबार की निगरानी कर सकेगा। राजस्व विभाग का मानना है कि वर्तमान व्यवस्था में मुख्यालय से लाइसेंस जारी होने के बावजूद बड़ी संख्या में छोटे-बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान निगम के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हैं। होटल, रेस्टोरेंट, भोजनालय, किराना सहित अन्य व्यवसाय संचालित हो रहे हैं, लेकिन उनके लाइसेंस नहीं बन पा रहे हैं। इससे निगम को राजस्व का नुकसान हो रहा है। नई व्यवस्था लागू होने पर नए लाइसेंस बनाने और पुराने लाइसेंस के नवीनीकरण की प्रक्रिया आसान होने की उम्मीद है।

**मुख्यालय तक नहीं पहुंचते छोटे कारोबारी-** नगर निगम के अपर आयुक्त राजस्व आकाश सिंह के अनुसार वर्तमान में गुमास्ता लाइसेंस निगम मुख्यालय से जारी किए जाते हैं। बिल कलेक्टर और सहायक राजस्व अधिकारी (एआरओ) को फील्ड में दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच तथा लाइसेंस बनवाने और नवीनीकरण की प्रक्रिया में भूमिका दी गई है। इसके बावजूद शहर के विस्तार के कारण निगम का अमला हर क्षेत्र तक प्रभावी रूप से नहीं पहुंच पा रहा है। शहर के कई हिस्सों में छोटे दुकानदार मुख्यालय तक लाइसेंस बनवाने नहीं आते। ऐसे में उनका कारोबार चलता रहता है, लेकिन निगम के रिकॉर्ड में पंजीयन नहीं हो पाता। राजस्व विभाग इसी खामी को दूर करने के लिए लाइसेंसिंग प्रक्रिया को जोन स्तर पर लाने पर विचार कर रहा है।

**जोनल अधिकारी को मिल सकती है जिम्मेदारी-** नई व्यवस्था लागू होती है तो सहायक राजस्व अधिकारी के बजाय जोनल अधिकारी को लाइसेंसिंग की जिम्मेदारी देने पर भी विचार किया जा रहा है। इसका उद्देश्य व्यवस्था में जवाबदेही तय करना और जोन स्तर पर सीधे मॉनिटरिंग करना है। प्रत्येक जोन में आने वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का रिकॉर्ड तैयार कर नए लाइसेंस और नवीनीकरण की प्रक्रिया स्थानीय स्तर पर की जा सकेगी। इससे निगम के पास शहर के छोटे से लेकर बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का डेटाबेस भी तैयार होगा और जिन प्रतिष्ठानों के लाइसेंस नहीं हैं, उनकी पहचान कर राजस्व वसूली बढ़ाई जा सकेगी।

**जोन कार्यालय से बनाए गए फर्जी लाइसेंस -** हालांकि निगम के सामने सबसे बड़ी चुनौती व्यवस्था में पारदर्शिता और निगरानी की होगी। इससे पहले भी जोन कार्यालयों से लाइसेंस जारी करने की व्यवस्था लागू की जा चुकी है। तत्कालीन राजस्व अपर आयुक्त एस. कृष्ण चैतन्य के कार्यकाल में जोन कार्यालयों को लाइसेंस बनाने की जिम्मेदारी दी गई थी। उस दौरान कुछ मामलों में नगर निगम के प्रमाण-पत्रों की तर्ज पर डुप्लीकेट और फर्जी लाइसेंस बनाए जाने के मामले सामने आए थे। इससे निगम को राजस्व नुकसान हुआ और बाद में लाइसेंस जारी करने की व्यवस्था फिर निगम मुख्यालय पर केंद्रीकृत कर दी गई।

ऑनलाइन मॉनिटरिंग जरूरी

निगम यदि दोबारा लाइसेंसिंग व्यवस्था जोन स्तर पर लागू करता है तो मुख्यालय से इसकी ऑनलाइन मॉनिटरिंग जरूरी होगी। हर लाइसेंस का ऑनलाइन रिकॉर्ड, आवेदन से लेकर स्वीकृति तक की पूरी प्रक्रिया और जारी प्रमाण-पत्र का डिजिटल सत्यापन अनिवार्य किया जाना चाहिए। इससे फर्जी लाइसेंस की संभावना कम होगी और किसी भी जोन में जारी लाइसेंस की जानकारी मुख्यालय स्तर पर तत्काल उपलब्ध रहेगी।



# निगम परिसर में कुछ इस अंदाज में घूमता श्वान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर में कई इलाकों में श्वान के आतंक से रहवासी परेशान है। कई शिकायतें रोजाना श्वान को पकड़ने के लिए नगर निगम के पास पहुंचती है। इस मामले में निगम भी नागरिकों की शिकायत नहीं सुन पाता है। कभी कोर्ट की गाइड लाइन तो कभी पशु प्रेमियों का प्रेम आड़े आ जाता है। इन्हीं हालातों के बीच निगम परिसर में एक श्वान दूसरी मंजिल पर कुछ इस अंदाज में घूमता नजर आया।

# सड़क पर आ गया सांप



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। क्रिश्चियन कालेज के समीप एक सांप रेंगता हुआ मुख्य मार्ग पर आ गया। डिवाइडर के समीप से सांप फुटपाथ की ओर जाने लगा तो रोड पर चलने वाले लोगों ने अपने वाहन रोक लिए।**

# माता-पिता की सेवा सभी धामों के पुण्य के बराबर-धाम सरकार

## सिटी ब्लास्ट परिवार में दिए आशीर्वचन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।






**आष्टा के समीप ग्राम बापचा स्थित खुटालिया बैकुण्ठधाम के श्रीधाम सरकार कल सांध्य दैनिक सिटी ब्लास्ट कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने अपने आशीवर्चन दिए। उन्होंने कहा कि माता-पिता की सच्ची सेवा से ही सभी धामों के दर्शन का पुण्य लाभ मिलता है। इसके अलावा उन्होंने घर में खुशनुमा माहौल रखने की बात भी कही।**

धाम सरकार ने कहा कि जो लोग आपका अपमान करे, आप उनके साथ भी सम्मान से बात करें, हमेशा सम्मान से बात करने वालों को सम्मान ही मिलता है। जो शत्रुता रखता है उसका भी सम्मान करें। उन्होंने गृहिणी और परिवार के साथ भी अनुकूल व्यवहार करने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने सिटी ब्लास्ट कार्यालय की कम्पोजिंग, प्रींटिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया। जगदीश मूंगड़, महेश मूंगड़, राजेश मूंगड़, अंशुल मूंगड़ ने उनकी अगवानी की। इस दौरान अशोक इनानी, अनुज आगार, नितिन शर्मा शानू, देवेन्द्र इनानी, राजेन्द्र तोषनीवाल, राजेश शारदा, संजय राठी, मयंक शारदा, घनश्याम जोशी, मुकेश सारडा, देवेन्द्रसिंह सिसौदिया नीलू, गौरव मूंगड़, नीलेश मूंगड़, आभास मूंगड़, पंकज बूब, बलदेवदास जाजू सहित अन्य मौजूद थे।



## माहेश्वरी कन्या छात्रावास की छात्राओं की पिकनिक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। फुलबाई मुरलीधर माहेश्वरी कन्या छात्रावास द्वारा छात्राओं के लिए हनुमंतिया, पूनासा डेम तथा सिंगाजी समाधि स्थल पिकनिक का आयोजन किया। संस्था की सचिव सुमन सारडा ने बताया कि इस यात्रा में छात्राओं को भ्रमण स्थल की जानकारी भी दी। संस्था के पदाधिकारी, सदस्य भी मौजूद रहे। सुमन सारडा, कैलाश सोमानी, मधुबाला मोहता, मीरा बंग, मीनाक्षी नवाल, पिंकी काल्या, श्वेता साबू मौजूद रहे।

## माहेश्वरी समाजजन पहुंचे मंडलेश्वर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



माहेश्वरी मारवाड़ी प्रगति मंडल के बैनर तले मंडलेश्वर यात्रा का आयोजन किया गया। धार्मिक यात्रा के साथ मनोरंजन आयोजन भी हुए। रामकिशोर राठी, मनोज धूत, ओम-सुषमा चांडक, गौरीशंकर-प्रेमलता मूंदड़ा, मदनमोहन-मनीषा राठी, नारायण-सुषमा चांडक, पुरुषोतम राठी, बजरंग मालानी, कपिल लाहोटी, रामअवतार पलोड, सुनील बंग, श्रीकांत गिलड़ा, प्रकाश लखोटिया, अशोक सोनी, रामनिवास राठी, विष्णु मुछाल, श्रीकांत तोषनीवाल, आशीष मालानी, उज्ज्वल चांडक मौजूद थे।

## कीर्तन पर झूम उठे सिंधी समाजजन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भगवान झूलेलालजी के चालिहा उत्सव पूर्ण होने के बाद झूलेलाल मंदिर छत्रीबाग में हुए कार्यक्रम में कीर्तन पर सिंधी समाजजन भक्ति में लीन होकर नृत्य कर झूम उठे।

## वीर गोगादेव प्रकटोत्सव समिति का गठन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अहिंसावादी वाल्मीकि समाज ने वीर गोगादेव प्रकटोत्सव समिति का गठन किया। राहुल राठौर, भूपेन्द्रसिंह लोट ने बताया कि गठन में संयोजक चौधरी वीरेंद्र सिंह लोट, अध्यक्ष नवीन चीराउंडे, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र आदिवाल, सचिव आदित्य प्याल, सहसचिव संदीप शिंदे, कोषाध्यक्ष अनिकेत चौहान, संगठन मंत्री अमित बिलरवान, कार्यकारिणी सदस्य रवि





सुनहरे, शुभम वर्मा, कुलदीप जाटव, नितिन टकोरिया, कृष्णा यादव, ऋषभ बलोदरा, मयूर झांझरिया, रोहित राठौर, अनिल बिलरवान, दीपक रायकवार, मोनिका जोशी, भावना गुप्ता, माला प्याल, वर्षा बिलरवान, निर्मला लोट, भावना राठौर, तारा देवी लोट, यश तम्बोली, सौरभ डागर, सोनू, अंश, सौरभ, निखिल, उज्ज्वल तम्बोली, ऋतिक बलोदरा, इन्दु पारोचे आदि मनोनीत किये गए।

## सिर्फ महिलाओं के लिए दो दिनी योग शिविर

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं चमेलीदेवी योग केंद्र के तत्वाधान में 29-30 अगस्त को स्कीम 78 विजय नगर स्थित सिका स्कूल पर शाम 4 से 5 बजे तक केवल महिलाओं के लिए दो दिवसीय सांध्य कालीन योग शिविर का आयोजन होगा। किशोर गोयल, राजेश बंसल, आशा बी. जैन ने उक्त जानकारी दी।

## मनसा पूजा का डिजिटल मंच 'श्रीलोक' लॉन्च

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अब मंदिर जाने के लिए लंबी कतार, घंटों का इंतजार या भीड़भाड़ वाली यात्रा जरूरी नहीं। इंदौर के युवा इंटरप्रेन्योर शशि प्रकाश अग्रवाल ने सनातन परंपरा और आधुनिक तकनीक को जोड़ते हुए 'श्रीलोक' नाम का निःशुल्क डिजिटल पूजा मंच



तैयार किया है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोग घर बैठे देश के प्रमुख मंदिरों के दर्शन कर सकेंगे और मंत्रोच्चार के साथ मनसा पूजा से भी जुड़ सकेंगे। खास बात यह है कि श्रीलोक को सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है।

## लायन्स ने किया रक्षाबंधन कार्यक्रम



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। लायंस क्लब इंदौर सिटी द्वारा शासकीय हिंदी माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच रक्षाबंधन का कार्यक्रम किया। दिनेश रणधर, कृष्णप्रभा रणधर, जगदीश जोशी, अशोक गुप्ता, दिलीप माटा, राजेश पाल, विशाल चुघ, राजीव दुबे सहित अन्य मौजूद थे।

## यूनिक ने किया गौसेवा कार्य

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। लायंस क्लब ऑफ इंदौर यूनिक ने गौशाला में गौसेवा कार्य किया। संतोष गोयल, श्वेता जोशी, डॉ. सीपी हेड़ा, विनिता हेड़ा, राधेश्याम काबरा, विनोद जोशी, नरेश लखोटिया, द्वारका गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।



## न्याय नगर महादेव को छप्पन भोग

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। न्याय नगर महादेव के तीन दिवसीय आयोजन का समापन हुआ उसके पूर्व अभिषेक, हवन, श्रृंगार, छप्पन भोग, महाआरती और भंडारे का आयोजन किया गया।





# जैन समाज के छात्रों को शिक्षा सहायता

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** दिगंबर जैन आम समाज संगठन, श्रुति फाउंडेशन द्वारा आयोजित जैन समाज के 400 से अधिक छात्र छात्राओं को शिक्षा सहायता वितरण कार्यक्रम इंद्रपुरी चातुर्मास स्थल घुंघट गार्डन नेमीनगर जैन कॉलोनी में आयोजित हुआ। छात्रवृत्ति के चेक प्रदान किए गए। इंद्रकुमार वीणा सेठी, अंकुर सुप्रिया सेठी, राकेश जैन, अतुल बघेरवाल, गौरव डोसी, एडवोकेट रोहित जैन, अंकित जैन, राजेश कानूनो, देवेंद्र सेठी, कैलाश वेद, पार्षद योगेश गेंदर, पंडित प्रकाश छाबड़ा, कैलाश लुहाड़िया, गिरीश पाटोदी, मनीष सोनी, गिरीश काला, बुरहानुद्दीन शकरुवाला, वीरेंद्र बड़जात्या, कमल रांवका, महेंद्र निगोत्या, शिरीष जैन, सुरेश सेठी, संजय कासलीवाल,वैभव कासलीवाल, कल्पना जैन, रंजना कासलीवाल, तारामणि जैन, राकेश सेठी, रुचिता सेठी, अखिलेश जैन, राजेश बालोदिया, लालचंद जैन, विजय जैन, मुकेश पांड्या, अरविंद जैन, चंद्र कुमार टोंग्या, चक्रेश जैन, वैभव झांझरी, चिराग जैन सहित अन्य मौजूद थे।

## भादौ अमावस्या पर आयोजित प्रभातफेरी की तैयारियां

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री अग्रोहा कपल ग्रुप एवं जय दादी दरबार की मेजबानी में भादवी अमावस्या के उपलक्ष्य में गुरुवार 10 सितम्बर को सुबह 7 बजे से स्नेह नगर स्थित हनुमान मंदिर, वृंदावन गार्डन से अग्रवाल नगर स्थित राणीसती दादी मंदिर तक निकलने वाली भव्य प्रभातफेरी की तैयारियों पर विचार मंथन के उद्देश्य से आयोजन से जुड़े सभी 45 प्रमुख महिला संगठनों की बैठक का आयोजन होटल अप्सरा पर आज बुधवार 26 अगस्त को दोपहर 4 बजे से रखा गया है। उक्त जानकारी संगीता-अरविन्द बागडी ने दी।



# पपीता के वृक्ष में प्रकट हुई गणेशजी की आकृति

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

सावन मास में भोलेनाथ परिवार की अराधना चल रही है। ऐसे में देवास क्रे ग्रीन कॉलोनी में पीके सिंह के घर पपीता के वृक्ष में गणेशजी की आकृति प्रकट हुई और जब सोशल मीडिया पर यह चित्र चला तो कई श्रद्धालु ग्रीन कालोनी आकृति देखने पहुंचे और कुदरत का नजारा अपनी आंखों से देखकर दर्शन भी किए।

# 2 लाख से अधिक श्रीफल से होगा सामूहिक महाअर्घ्य

### प्रत्येक परिवार 700 श्रीफल समर्पित करेगा

## सुधासागर म.सा. के सानिध्य में रक्षाबंधन महामहोत्सव का अनूठा जश्न

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

राष्ट्रसंत मुनि पुंगव प.पू. श्री सुधासागर महाराज के सानिध्य में सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से पहली बार दो लाख से अधिक श्रीफल (नारियल) से सामूहिक महाअर्घ्य समर्पित करने का रक्षाबंधन महामहोत्सव का ऐतिहासिक जश्न शुक्रवार 28 अगस्त को दलाल बाग परिसर में आयोजित होगा। इसे श्रमण संस्कृति रक्षा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान शहर का प्रत्येक जैन परिवार 700 श्रीफल समर्पित करेगा। श्रीफल की यह कुल संख्या दो लाख से अधिक होगी। इसके पूर्व कभी भी शहर में इस तरह के रक्षाबंधन महामहोत्सव का आयोजन नहीं हुआ है। शुक्रवार को सुबह 6 बजे से अभिषेक, शांतिधारा एवं राष्ट्रसंत के पाद प्रक्षालन, 6.30 बजे से मंगलाचरण, रक्षाबंधन पूजन एवं 7 बजे से मुनिराज आराधना के बाद सामूहिक रक्षाबंधन विधान का अनूठा आयोजन होगा। सुबह 8.45 बजे से संस्कृति रक्षा और श्रावक के कर्तव्य पर राष्ट्रसंत के विशेष प्रवचन होंगे। सुबह 10 बजे से वात्सल्य सूत्र का दिव्य आयोजन भी होगा। आयोजन से चक्रवर्ती शिवानी-नवीन गोधा, तृप्ति-हर्ष जैन, सपना-मनीष गोधा, दीपिका-आकाश जैन सहित अन्य जुड़े है।



# खजराना गणेश को 40 इंच की राखी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री खजराना गणेश भगवान को 40 बाय 40 इंच की 'सनातन राखी' अर्पित की जाएगी। यह केवल एक राखी नहीं, बल्कि देश के समसामयिक विषयों, राष्ट्रीय गौरव और धार्मिक पुनर्जागरण का एक जीवंत प्रतीक है। इस राखी के लिए बाहर से बी सामग्री मंगवाई गई है, राखी बनवाने में पालरेचा परिवार का योगदान है। दावा किया जा रहा है कि विश्व की सबसे बडी राखी 40 बाय 40 इंच की राखी रक्षाबंधन पर भगवान गणेशजी को बांधी जाएगी।



# जैन समाजजनों ने शुरू किया फोर्स संगठन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रेस्टीज आडिटोरियम में अखिल भारतीय संगठन फोर्स फेडरेशन ऑफ रिफॉर्म्स एंड कम्युनिटी एंपावरमेंट का शुभारंभ किया गया। पृथ्वीराज कोठारी, जयसिंह जैन, डेविस जैन, प्रकाश भटेवरा, दिलीप जैन, विमल कटारिया, हितेन्द्र मेहता, प्रवीण धोखा, सुरेश गन्ना, रमेश हारण, विजय जैन, राजेन्द्र सुराणा, अतुल कांकरिया, पारसमल कटारिया, हुलास बेताला, विजय सामोता, वीरेन्द्र जैन, डॉ. शरद डोसी, आशीष धारीवाल, कमलेश सामोता, विकास हुंडिया, तरुण कीमती, शैलेन्द्र नाहर, निलेश बाफना, संध्या छाजेड़, विनोद नाहर, रुचिल डोसी, वीरेंद्र नाहर, विवेक जैन, रितेश कटकानी, अखिल चौधरी, मनोज डंक, विनोद पटवा, प्रतिभा नांदेचा, कल्पना पटवा, पंकज जैन, अनिल चोरडिया, राजेंद्र रांका, नरेन्द्र भंडारी, ललित बम्बोरी, ज्योति हेमन्त तरवेचा सहित मौजूद थे।

## मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाई जाएगी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट द्वारा शहर के खेल जगत की प्रतिष्ठित हस्तियों और उभरती हुई खेल प्रतिभाओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन 29 अगस्त को सुबह 10:30 बजे इंडियन कॉफी हाउस रीगल तिराहा पर किया जाएगा। पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, मदन परमालिया क़ी मौजूदगी में 16 चुनिंदा खिलाड़ियों आनंद यादव, नरेंद्र विल्सन, डॉ. रफीक खान, सरदार दर्शन सिंह, बद्री चौहान, कैलाश कौशल, के. सी. कपासिया, मनोहर लक्ष्मण, ओ.पी. संकत, अक्षत यादव, विवेक वर्मा, हर्षवर्धन कपूर, शैलेंद्र वर्मा, राजेश मकवाना, एस.पी. शर्मा और राकेश जोशी को सम्मानित किया जाएगा।

# वेतन नहीं मिला तो शिक्षक संगठन ने दिया ज्ञापन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** म प्र शासकीय शिक्षक संगठन के पदाधिकारी और सदस्यों ने 150 बीएसी जनशिक्षकों, सीएसी आदि को तीन माह से वेतन न मिलने के मुद्दे पर जिला पंचायत सीईओ हिमांशु प्रजापति को ज्ञापन सौपा और यह भी बताया कि राखी का बड़ा पर्व समीप है, ऐसे में वेतन नहीं मिलने से शिक्षिकाओं में हताशा है। इन्दौर, महू, देपालपुर, सांवेर के बीएसी व जनशिक्षक भी इस दौरान मौजूद रहे। हरीश बोयत, अशोक मालवीया, प्रवीण यादव, आनंद हार्डिया, रश्मि गोले, शिलव्रत पटेरिया, राकेश विजयवर्गीय, खालिद अंसारी, मोनिका मेश्राम, राखी अग्निहोत्री,कजली बोराडे,फिरोज खान, विजय निगवाल, श्यामलाल देवड़ा, कपिल परमार, रेणुका मेहरा, अलका चौहान, उषा कोचले, रानी बिंदौरिया, रेणुका मोरे, निकिता जोशी सहित अन्य मौजूद थे।

## चन्द्रमौलेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक और महाआरती आज

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जय हिंद मित्र मंडल द्वारा काछी मोहल्ला बाबा श्री चन्द्रमौलेश्वर महादेव मंदिर में आज शाम बाबा श्री चंद्रमौलेश्वर की पूजा-अर्चना, महारुद्राभिषेक, महाआरती एवं भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी शुभम दोलिया, प्रमोद दोलिया ने दी।

## आई.पी.एस. एकेडमी में प्रशिक्षण कार्यक्रम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आई.पी.एस. एकेडमी, इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड रिसर्च में एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (ए.आई.यू.), नई दिल्ली के सहयोग से 18 से 22 अगस्त तक पांच दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय 'आउटकम बेस्ड एजुकेशन इम्प्लीमेंटेशन थ्रू एल.एम.एस. एंड डिजिटल लर्निंग' रहा। कार्यक्रम में देश-विदेश के विश्वविद्यालयों, प्रबंधन संस्थानों और हार्वर्ड से जुड़े विशेषज्ञों ने शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों का प्रशिक्षण दिया।

## आज शाम खाटू श्याम बाबा का दरबार, भजनों की प्रस्तुति भी होगी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 60 फीट रोड स्थित पल्हर नगर में आज शाम खाटू श्याम बाबा की भजन संध्या आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर बाबा श्याम का दरबार सजाया जाएगा। अर्जुन सिंह चौहान, मुकेश शर्मा एवं आकाश शर्मा ने बताया कि सुखदेश्वर महादेव मंदिर समिति की ओर से आयोजित भजन संध्या में भजन गायिका अनुष्का और अधिष्ठा भजनों की प्रस्तुतियां देंगी। श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा।

# एक लाख पार्थिव शिवलिंग का पूजन और अभिषेक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

कालानी नगर स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर हुजूरगंज में सावन के अवसर पर चल रहे श्रावण मास शिव अनुष्ठान में महिलाओं ने 1 लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर पूजन, रुद्राभिषेक किया। शैलेन्द्र तिवारी, प्रांजुल मिश्रा, गोविन्द अवस्थी, दीपू मिश्रा, नवीन तिवारी,



गिरजाशंकर शुक्ला, डाकारसिंह दिखित, बब्बी पांडे, अजय अवस्थी, बंटू ठाकुर, लक्ष्मणसिंह चौहान, गोलू तिवारी, मितेश जैन, विनोद सरेल, सोनू नामदेव, राजा नामदेव, सुभम यादव, करणसिंह तोमर, शुभ अवस्थी सहित अन्य मौजूद थे।

# वार्ड 63 की पॉश कालोनी में दिखने लगी आदर्श बगीचे की झलक

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा 3 के वार्ड क्रमांक 63 से जुड़ी पॉश कॉलोनी स्नेह नगर में पार्षद कार्यालय के पीछे क्षेत्र का पहला आदर्श बगीचा नए कलेवर और एकदम नए स्वरूप में तैयार किया जा रहा है। जिसकी झलक भी अब दिखने लगी है। जिसके तहत नगर निगम द्वारा लगभग 50 लाख से ज्यादा की लागत से यूरोपियन तकनीक के द्वारा एक आधुनिक आदर्श बगीचे का नवनिर्माण किया जा रहा है। क्षेत्रीय पार्षद मृदुल अग्रवाल ने बताया यहां जोन क्रमांक 18 एकमात्र आदर्श बगीचे में आसपास के रहवासियों के लिए यूरोपियन टेक्नोलॉजी के तहत एक आदर्श बगीचे का निर्माण किया जा रहा है जिसमें आसपास के रहवासियों के लिए सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों के लिए आधुनिक मंच बनाया जा रहा है उसके अलावा इस बगीचे में हरियाली खूबसूरती और सौंदर्यकरण के लिए एक से बढ़कर एक डेकोरेटिव पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। वहीं रोशनी के लिए आकर्षक लाइटिंग भी लगाई जाएगी। साथ ही सजाने-संवारने के तहत और भी कई विकास कार्य किए जाएंगे। इसके अलावा यहां बगीचे के आसपास के बड़े हिस्से में चारों ओर एक्यूप्रेशर वाले नवीन डिजाइनर ब्लॉक लगाकर आकर्षक पाथवें का निर्माण भी किया जा रहा है।

**रहवासी परिवारों की मांग पर महापौर से करवाएंगे योगा शेड का निर्माण-** क्षेत्रीय पार्षद मृदुल अग्रवाल का कहना है कि हमारा प्रयास है कि यहां सुबह-शाम घूमने आने वाले आसपास के सैकड़ों रहवासी परिवारों की सुविधा के लिए महापौर पुष्य मित्र भार्गव से इस आदर्श बगीचे में योगा शेड का निर्माण भी करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके लिए महापौर से चर्चा कर जल्द उनका दौरा भी करवाएंगे ताकि क्षेत्र के हजारों रहवासियों को अपने घर के नजदीक एक आधुनिक योगा शेड की सौगात भी मिल जाए।

**विधायक और निगम सहयोग से लगवाएंगे आधुनिक बेंचें और कुर्सियां-** यही नहीं इसके अलावा इस बगीचे को सही मायने में आदर्श और आधुनिक बनाने के लिए क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला के प्रयासों से रहवासियों की मांग पर यहां शानदार बैठक व्यवस्था के लिए आधुनिक बेंचे एवं कुर्सियां लगाने की भी प्लानिंग है। इसके अलावा रोशनी के लिए आकर्षक लाइटिंग भी लगाई जाएगी। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में विधानसभा दो के सुखलिया क्षेत्र में यूरोपियन टेक्नोलॉजी से तैयार किए गए शहर के पहले आदर्श बगीचे की तर्ज पर अब वार्ड 63 में पार्षद कार्यालय के ठीक पीछे स्थित पुराने बगीचे में जल्द क्षेत्र के रहवासियों को आने वाले दिनों में आधुनिक सुविधाओं और जबरदस्त हरियाली और खूबसूरती के साथ एक आधुनिक आदर्श बगीचे की सौगात मिलने वाली है। जिसको लेकर इन दिनों तेजी के साथ काम किया जा रहा है।

# नई सुरक्षा दीवार का होगा निर्माण



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सांवेर विधानसभा के अंतर्गत निपानिया क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 36 से जुड़े गोयल रिजॉर्ट कॉलोनी निपानिया चौराहे पर लंबे समय से क्षतिग्रस्त सालों पुरानी रिटर्निंग वॉल की बजाय अब नई पहले से दुगनी मजबूत रिटर्निंग वॉल का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। जिसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि अब बारिश में आसपास के लोगों के घरों और कालोनियों के मुख्य मार्ग पर सुरक्षा दीवार बनने से कही भी बारिश का पानी भरा नजर नहीं आएगा। यही नहीं चौराहे के आसपास के व्यापारियों और रहवासियों के घरों में भी कहीं भी बारिश का पानी नहीं घुसेगा। जिसको लेकर निगम द्वारा प्लानिंग के साथ निपानिया क्षेत्र के प्रमुख मार्ग पर लंबे समय से क्षतिग्रस्त रिटर्निंग वॉल को तोड़कर उसकी जगह नई बनाने की तैयारी शुरू कर दी है।

### पिछले साल से क्षतिग्रस्त आधी अधूरी रिटर्निंग वॉल से हो रही थी परेशानी

गौरतलब है कि पिछले साल से निपानिया चौराहा क्षेत्र की गोयल रिजॉर्ट कालोनी मुख्य मार्ग की टूटी फूटी क्षतिग्रस्त रिटर्निंग सुरक्षा दीवार निर्माण के लिए क्षेत्र के रहवासियों द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। लोगों की लम्बें समय की मांग पर क्षेत्रीय पार्षद सुरेश कुरवडे द्वारा लगातार प्रयास कर निगम से पुरानी क्षतिग्रस्त हो चुकी सालों पुरानी रिटर्निंग वॉल के नव निर्माण की फाइल मंजूर करवाकर अब जल्द कार्य शुरू करवाने की तैयारी भी शुरू कर दी है। कहा जा रहा है कि अगले माह टेंडर प्रक्रिया के बाद जल्द काम शुरू भी हो जाएगा।

# वाल्मीकि बस्ती के आसपास बनेंगी नई सड़कें



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा तीन के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 62 से जुड़े गाड़ी अड्डा क्षेत्र में प्रमुख बस्ती क्षेत्र में अब बेहद जल्द नई सीमेंट सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसके अंतर्गत गाड़ी अड्डा ब्रिज के नीचे हरिजन बस्ती क्षेत्र के रहवासियों की लंबे समय की मांग के बाद अब क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला के प्रयासों से क्षेत्र के रहवासियों और अन्य जनप्रतिनिधियों की लगातार मांग के बाद निगम द्वारा अब इस क्षेत्र में जल्द नहीं सीमेंटेड सड़क निर्माण की शुरुआत करने की तैयारी है। जिसको लेकर निविदा प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

### कीचड़ से मिलेगी बस्ती क्षेत्र के लोगों को राहत

खास बात यह है कि गाड़ी अड्डा क्षेत्र के रहवासियों को लंबे समय के बाद क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला और पार्षद के प्रयासों से बड़ी राहत मिलने वाली है। जिसके लिए क्षेत्र के रहवासी परिवार के लोग लंबे समय से निगम के जिम्मेदार और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से गलियों में सड़क निर्माण शुरू करने की माँग कर रहे थे। जिसके बाद अब लोगों को उम्मीद जगी है कि जल्द ऊबड़-खाबड़ सड़क से बड़ी राहत मिलने वाली है। साथ ही अगले माह में चतुर्थी से पहले गाड़ी अड्डा क्षेत्र में नई सड़क निर्माण का श्री गणेश कार्य भी जल्द शुरू हो जाएगा।

# बाय मोड पर सौंदर्यकरण और विकास कार्य होंगे शुरू

**40 लाख से ज्यादा खर्चकर होंगे संवारने के काम**

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर नगर निगम द्वारा न्याय नगर चौराहे के बाय मोड के विकास कार्य के अंतर्गत लगभग 40 लख रुपए के आसपास खर्च कर यहां के बड़े हिस्से पर साज-सजावट के कार्य शुरूकर आवश्यक सौंदर्यकरण के कार्य भी शुरू करेगा। जिसके अंतर्गत आकर्षक फेवर ब्लॉक लगाकर बड़े हिस्से में नया फुटपाथ तैयार किया जाएगा। इसके अलावा चौराहे पर सुंदरता और खूबसूरती के लिए आकर्षक लाइटिंग लगाकर साज-सजावट के कार्य भी किए जाएंगे। जिसको लेकर निगम ने अपनी ओर से तैयारियां शुरू भी कर दी है।



**शक्तिपीठ माता मंदिर से लेकर स्टार चौराहे तक फुटपाथ निर्माण का कार्य पूरा-** वही बड़ी बात यह है कि निगम द्वारा इससे पहले मालवीय नगर चौराहे से न्याय नगर रोड पर स्थित दिव्य शक्तिपीठ मंदिर से लेकर स्टार चौराहे तक सौंदर्य करण और विकास कार्य योजना के अंतर्गत नवीन फुटपाथ निर्माण का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। वही अब निगम में बाय मोड़ के ओर भी विकास कार्य करने के लिए योजना बनाकर काम शुरू करने की तैयारी भी शुरू कर दी है। दिव्य शक्ति पीठ मंदिर से से लेकर न्याय नगर चौराहे तक सौंदर्य करण और सजाने-संवारने के कार्यों के तहत जल्द यहां लाखों रुपए खर्च कर विकास के कार्य शुरू होंगे जिससे यहां से रात-दिन गुजरने वाले लोगों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

# मूसाखेड़ी ब्रिज की धीमी रफ्तार को लेकर उठने लगे सवाल



**रिंगरोड पर ब्रिज निर्माण के चलते रास्ता बन्द, जाम से परेशानी**

इंदौर। विधानसभा पांच के मूसाखेड़ी क्षेत्र में रिंग रोड चौराहे पर करीब 2 साल से ब्रिज निर्माण के चलते बीच का रास्ता मयूर नगर सांवरिया धाम जाने वाला मुख्य मार्ग बंद होने से इस रूट का पूरा ट्रैफिक दोनों ओर की ऊबड़-खाबड़ सर्विस रोड पर चल रहा है। जिसके कारण लंबे समय से क्षेत्र के लोग जाम से परेशान हो रहे हैं। वहीं ब्रिज निर्माण की धीमी रफ्तार को लेकर अब क्षेत्र के व्यापारियों ने भी मोर्चा खोल दिया है। मूसाखेड़ी व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश सुख्यानी ने कलेक्टर शिवम वर्मा और निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल को पत्र लिखकर जाम से मुक्ति दिलाने की मांग की है। पत्र में लिखा गया है कि मूसाखेड़ी क्षेत्र में एमपीआरडीसी द्वारा करीब 2 साल से फ्लाई ओव्हर निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जो कि शुरूआत से बेहद धीमी रफ्तार से चल रहा है। जिसके कारण क्षेत्र का पूरा व्यापार ठप हो गया है।

**सुबह से लेकर शाम तक भारी जाम की स्थिति -** हालत यह है कि सुबह से लेकर शाम तक दिन भर यहां भारी जाम की स्थिति बनी रहती है। जिसके कारण क्षेत्र का व्यापार पूरी तरह से ठप हो गया है। मूसाखेड़ी रिंग रोड़ चौराहे पर बीच का रास्ता लंबे समय से बंद पड़ा है। जिसके कारण आजाद नगर मूसाखेड़ी से लोग सांवरिया धाम मयूर नगर सहित 25 से ज्यादा कॉलोनी में सीधे नहीं जा पा रहे।

**व्यापारियों ने कलेक्टर-कमिश्नर को लिखी चिट्ठी**

**1 किलोमीटर घूम कर जाना पड़ रहा है लोगों को अपने घर-** खास बात यह है कि जाम के कारण स्थिति यह है कि बीच का रास्ता बंद होने से लोगों को करीब 1 किलोमीटर से ज्यादा लंबा घूम कर अपने घर जाना पड़ रहा है जिसके कारण यहां का पूरा ट्रैफिक जाम के कारण ठप पड़ा रहता है। यही नहीं चौराहे पर ऑटो-रिक्शा, ई-रिक्शा एवं बसों का अव्यवस्थित संचालन होने से पूरा मार्ग पर दिन भर जाम लगा रहता है। आम नागरिकों, विद्यार्थियों, मरीजों एवं कार्यालय आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार तो पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है।

**अव्यवस्थाओं का व्यापार पर भी पड़ रहा सीधा असर-** चिट्ठी में अध्यक्ष सुख्यानी ने लिखा इस अव्यवस्था का सीधा असर स्थानीय व्यापार पर भी पड़ रहा है। लगातार जाम की वजह से ग्राहक बाजार तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे व्यापारियों का व्यवसाय गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। क्षेत्र के सभी दुकानदार लंबे समय से इस समस्या से परेशान हैं। अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि इस समस्या का शीघ्र स्थायी समाधान कराया जाए। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए आवश्यक पुलिस बल की तैनाती, ऑटो-ई-रिक्शा एवं बसों के लिए निर्धारित स्टैंड की व्यवस्था तथा ब्रिज निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कराने हेतु संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें। हमें पूर्ण विश्वास है कि आप जनहित को ध्यान में रखते हुए इस गंभीर समस्या का शीघ्र निराकरण कराएंगे।

## संपादकीय

# शोर की सीमा टूटी तो जिंदगी भी थमी, बरेली की घटना ने खड़े किए बड़े सवाल

उत्तर प्रदेश के बरेली में बीते सोमवार को सामने आई, जब सड़क पर तेज आवाज में बज रहे डीजे के पास से गुजरते वक्त साठ वर्षीय महिला की तबीयत बिगड़ जाने से मौत हो गई। देश में वायु प्रदूषण की तरह तेज आवाज का शोर भी गंभीर समस्या बन गया है। महानगरों से लेकर छोटे कस्बे तक ध्वनि प्रदूषण की जद में हैं। इससे मानव स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकते हैं। लगातार अत्यधिक शोर के संपर्क में रहने से उच्च रक्तचाप, अनिद्रा, मानसिक तनाव, बहरापन और चिड़चिड़ापन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। कई दफा इसके तात्कालिक एवं गंभीर परिणाम भी हो सकते हैं। ऐसी ही एक घटना उत्तर प्रदेश के बरेली में बीते सोमवार को सामने आई, जब सड़क पर तेज आवाज में बज रहे डीजे के पास से गुजरते वक्त साठ वर्षीय महिला की तबीयत बिगड़ जाने से मौत हो गई। सवाल है कि जब ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए कानून में सख्त प्रावधान हैं, तो फिर सार्वजनिक स्थलों पर बहुत तेज आवाज में डीजे बजाने या लाउडस्पीकर के इस्तेमाल की अनुमति क्यों और कैसे दी जाती है? अगर कोई नियमों का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई करने की जरूरत क्यों महसूस नहीं की जाती? गौरतलब है कि देश में ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) अधिनियम के तहत विभिन्न स्थलों पर ध्वनि के स्तर की सीमाएं निर्धारित की गई हैं। सार्वजनिक स्थलों और सड़कों पर इसके संकेतक लगाने के भी प्रावधान हैं। कई जगह सड़कों के आसपास के रिहाइशी इलाकों को आधिकारिक तौर पर वाहनों के लिए ध्वनि निषेध क्षेत्र घोषित किया गया है। बड़े शहरों में ध्वनि प्रदूषण की निगरानी के लिए विशेष यंत्र लगाए गए हैं। मगर इन सब व्यवस्थाओं के बावजूद तेज आवाज के शोर पर लगाम नहीं लग पा रही है। जाहिर है कि इसके लिए संबंधित महकमों की लापरवाही ही जिम्मेदार है। धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को तो बड़ा मुद्दा बना दिया जाता है, लेकिन ऐसी ही गंभीरता सड़कों पर होने वाले ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने में नजर नहीं आती है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि सड़क पर तेज आवाज में डीजे बजाने से अगर किसी की जान चली जाती है, तो उसके लिए कौन जिम्मेदार है? शासन-प्रशासन को इस पर गंभीरता से गौर करना चाहिए कि सिर्फ कागजों में कानून बना देने से कुछ नहीं होता, व्यवस्था में सुधार तभी हो पाता है, जब उसे सख्ती से लागू किया जाए।

# कंपनी में घुसकर युवक के सिर पर लोहे की राड से हमला, केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बाणगंगा थाना क्षेत्र में सांवेर रोड स्थित एक कंपनी में काम करने वाले युवक पर पुराने पैसों के विवाद को लेकर लोहे की रॉड से हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए फरियादी के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुख्य आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी शायर पिता अनिश मंसूरी निवासी खाराचा ने बाणगंगा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह सांवेर रोड स्थित एक कंपनी में काम कर रहा था। उसी दौरान आरोपी दीपक निवासी मुखर्जी नगर अपने अन्य दोस्तों के साथ कंपनी के अंदर पहुंचा। आरोपी दीपक ने वहां आते ही शायर से कहा कि तुमने सब लोगों से पैसे के बारे में क्यों बोला और इसी बात पर अकारण विवाद खड़ा कर दिया।

बात बढ़ने पर आरोपी दीपक और उसके साथी गालियां देने लगे। जब पीड़ित शायर ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी दीपक ने अपने हाथ में ली लोहे की रॉड से फरियादी के सिर पर जोरदार हमला कर दिया। वार इतना तेज था कि पीड़ित के सिर से खून बहने लगा। इसके साथ ही दीपक के साथियों ने भी फरियादी के साथ लात-घूंसे से मारपीट की। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से भाग निकले।

# कीमती प्लॉट पर फर्जी दस्तावेजों से कराया लोन

## महिला समेत 5 आरोपियों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

**इंदौर।** अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी और फर्जीवाड़े का एक बड़ा मामला सामने आया है। शातिर आरोपियों ने दो खरीदारों द्वारा वैध रूप से खरीदे गए भूखंड के फर्जी दस्तावेज तैयार कर लिए और उस पर बैंक से लोन स्वीकृत कराकर लाखों की चपत लगा दी। पीड़ितों की संयुक्त शिकायत और जांच के बाद पुलिस ने एक महिला समेत पांच आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी अंकित मिश्रा निवासी न्यू पंचशील कॉलोनी, मूसाखेड़ी और उनके साथी आलोक मेहता ने थाने में एक संयुक्त आवेदन सौंपा था। फरियादियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने देवेंद्र नगर स्थित प्लॉट नंबर 9 के अलग-अलग हिस्सों 15 बाय 15 वर्ग फीट को मार्च 2023 में मूल भू-स्वामी डॉ. रामकुमार श्रीवास्तव से विधिवत क्रय किया था। क्रय के साथ ही उन्हें दस्तावेज और जमीन का भौतिक कब्जा मिला था, जिसके बाद से दोनों अपने-अपने नाम से राजस्व विभाग में बाकायदा टैक्स भी जमा कर रहे हैं। इसी बीच आरोपियों ने आपराधिक षड्यंत्र रचते हुए उक्त भूखंड के कूटरचित दस्तावेज तैयार किए और उस जमीन को अपना बताकर बैंक में प्रस्तुत कर लोन स्वीकृत करा लिया। जब पीड़ितों को इस धोखाधड़ी की भनक लगी, तो उन्होंने तुरंत पुलिस से गुहार लगाई। अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत की प्राथमिक जांच के बाद आरोपी संदीप कुमार मिश्रा निवासी अपोलो डीबी सिटी, निपानिया, दुर्गेश शर्मा निवासी एबी रोड, देवास नाका, मंजू खंडेलवाल, उसके पति जय खंडेलवाल दोनों निवासी सुकलिया व स्कीम नंबर 113 और मोहम्मद अल्ताफ खान निवासी माणिक बाग, चोइथराम रोड के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब फर्जीवाड़े में शामिल बैंक खातों और तैयार किए गए दस्तावेजों की जांच कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# शादी के 10-12 साल बाद महिला को जातिसूचक शब्द कहकर घर से निकाला

**इंदौर।** बड़गोंदा थाना क्षेत्र में शादी के सालों बाद एक महिला को जातिसूचक शब्द कहकर प्रताड़ित करने, मारपीट करने और घर से बाहर निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 30 वर्षीय पीड़िता ने बड़गोंदा थाने पहुंचकर आरोपी मो. इकबाल पिता अल्लाह बक्स निवासी नया महू, बड़गोंदा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। फरियादिया ने पुलिस को बताया कि वह हिंदू धर्म की महार जाति की है। यह जानते हुए भी आरोपी मो. इकबाल ने वर्ष 2014 में उससे शादी की थी और बीते 10-12 वर्षों से उसे पत्नी बनाकर अपने साथ रख रहा था। पीड़िता का आरोप है कि घटना के दिन आरोपी ने अचानक उसके साथ विवाद शुरू कर दिया। आरोपी ने उसे जातिसूचक शब्द कहते हुए शारीरिक और मानसिक रूप से सख्त प्रताड़ित किया। विरोध करने पर आरोपी ने थप्पड़ मारते हुए कहा कि तू छोटी जाति की है, मेरे घर से निकल जा और जोर से धक्का देकर उसे घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता किसी तरह थाने पहुंची और आपबीती सुनाई। बड़गोंदा थाना पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी मो. इकबाल के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# रेलवे में टीसी बनाने का झांसा देकर 18.50 लाख ठगे

## दिल्ली-पटना बुलाकर थमाया फर्जी नियुक्ति पत्र, 3 पर केस दर्ज

**इंदौर।** हातोद थाना क्षेत्र में रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है। शातिर ठगों ने पीड़ित को झांसे में लेकर रेलवे में टीसी (टिकट चेकर) बनवाने के नाम पर अलग-अलग तिथियों में कुल 18 लाख 50 हजार रुपये ऐंठ लिए। आरोपियों ने फर्जीवाड़े को असली दिखाने के लिए दिल्ली बुलाकर फर्जी मेडिकल कराया और फिर जाली जॉइनिंग लेटर थमा दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित विकास ने हातोद थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपियों ने आपस में सांठगांठ कर रेलवे में नौकरी लगवाने का लालच दिया था। झांसे में आकर पीड़ित ने अलग-अलग किस्तों में आरोपियों को 18,50,000 रुपये दे दिए। पैसे लेने के बाद आरोपियों ने षड्यंत्र के तहत विकास को दिल्ली बुलाया। वहां वे पीड़ित को डीआरएम रेलवे ऑफिस और रेलवे हॉस्पिटल ले गए, जहां उसका फर्जी तरीके से मेडिकल परीक्षण करवाया गया। इसके बाद आरोपियों ने दिल्ली के होटल गोल्डन में ले जाकर विकास को रेलवे का एक फर्जी नियुक्ति पत्र सौंप दिया। ठगों की यह जालसाजी यहीं नहीं रुकी, उन्होंने पीड़ित को जॉइनिंग के बहाने पटना और आसनसोल बुलवाया। वहां डीआरएम ऑफिस में दस्तावेज जमा करने का बहाना बनाकर आरोपियों ने मूल फर्जी नियुक्ति पत्र और फर्जी आईडी कार्ड वापस अपने पास रख लिए। जब काफी समय बाद भी जॉइनिंग नहीं हुई, तब पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ और उसने पुलिस की शरण ली। हातोद थाना पुलिस ने फरियादी विकास की रिपोर्ट पर आरोपी अरविंद यादव निवासी भोपाल, सुमन यादव निवासी कोच फेक्ट्री, भोपाल और अभिजीत पिता गिरीश साहू निवासी हरिओम पैलेस, इंदौर के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 158000 | 162900 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 242400 | 245100 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# माणिकबाग पुल के नीचे से हाइब्रिड गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शहर में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जूनी इंदौर थाना पुलिस को एक सफलता मिली है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान माणिकबाग पुल के नीचे से एक युवक को घेराबंदी कर पकड़ा और उसके कब्जे से 35.85 ग्राम अवैध हाइब्रिड गांजा (ओजी) जब्त किया है। जब्त किए गए मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 50 हजार रुपये आंकी गई है।

पुलिस के अनुसार, जूनी इंदौर पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक माणिकबाग पुल के नीचे संदिग्ध हालत में अवैध मादक पदार्थ की डिलीवरी देने या बिक्री करने की नीयत से खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदेही को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम देवांश उर्फ कीर्तन सुगवानी निवासी खातीवाला टैंक बताया। पुलिस ने जब आरोपी की तलाशी ली, तो उसके पास से उच्च गुणवत्ता वाला अवैध मादक पदार्थ ओजी (हाइब्रिड गांजा) बरामद हुआ, जिसका वजन 35.85 ग्राम निकला। जूनी इंदौर थाना पुलिस ने आरोपी देवांश उर्फ कीर्तन के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब आरोपी से कड़ाई से पूछताछ कर रही है कि वह यह नशा कहां से लाया था और शहर में किसे सप्लाई करने जा रहा था।

# 20 टंकी रही खाली, नहीं हुआ पानी का सप्लाई

## महू नाका पर सुधार कार्य के लिए निगम ने लिया शटडाउन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नगर निगम के नर्मदा परियोजना विभाग के द्वारा महूनाका पर सुधार का कार्य करने के लिए शटडाउन लिया गया। इसके परिणाम स्वरूप आज इंदौर शहर में पानी की 20 टंकी खाली रही। इन टंकी से जिन क्षेत्रों में सप्लाई किया जाता है उन क्षेत्रों में नल में पानी नहीं आया।

इंदौर नगर निगम द्वारा शहर में जलप्रदाय व्यवस्था से संबंधित आवश्यक मरम्मत एवं इंटरकनेक्शन कार्य एक साथ पूर्ण किए जाने के उद्देश्य से कल 1200 एमएम व्यास की पाइप लाइन में लगभग 24 घंटे का शटडाउन लिया गया। महूनाका क्षेत्र में 250 एमएम का वॉल्व खराब हो गया। इसे सुधारने का काम शटडाउन लेने के साथ किया गया। निगम की टीम द्वारा वाल्व को बदल दिया गया है। बिलावली में 1200 एमएम पाइपलाइन में हुए लीकेज का सुधार कार्य भी किया गया। राजेंद्र नगर ब्रिज के नीचे पुरानी पाइपलाइन में लीकेज के सुधार के साथ इंटरकनेक्शन कार्य तथा आवश्यक वॉल्व स्थापित करने का कार्य भी किया जा रहा है। यह सभी काम करने के लिए निगम के द्वारा लिए गए इस शटडाउन के कारण 20 पानी की टंकियां नहीं भर पाई जिसके चलते हुए आज इन टंकियों से संबंधित क्षेत्रों में नल से पानी नहीं आया। निगम के अधिकारियों ने बताया कि अन्नपूर्णा, स्कीम नं. 103, छत्रीबाग, राज मोहल्ला, द्रविड़ नगर, लोकमान्य नगर, महाराणा प्रताप नगर, नरवल, अगरबत्ती काम्प्लेक्स, कुशवाह मोहल्ला, टीगरिया बादशाह, बाणगंगा, सुभाष चौक, सदर बाजार, जिंसी हाट, मल्हार आश्रम, गांधी हॉल, भक्त प्रह्लाद नगर, एम.ओ.जी. लाइन व जय हिन्द नगर की टंकी से पानी की सप्लाई नहीं हो सकी।

# बारिश के लिए टोटका...जिंदा शख्स की सजी अर्थी



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महू के समीप गवली पलासिया गांव में बारिश के लिए ग्रामीणों ने अनोखी परम्परा निभाई। बारिश के लिए कई लोग अलग-अलग टोटके करते है। महू के ग्रामीणों ने जिंदा व्यक्ति को अर्थी पर लिटाया और फिर उसकी प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाली। प्रतीकात्मक शवयात्रा में ग्रामीण शामिल हुए और इंद्रदेव से अच्छी बारिश के लिए प्रार्थना की। उल्लेखनीय है कि शहर में औसतन से कम बारिश हुई है। ऐसे में आसपास के किसानों पर चिंता के बादल मंडरा रहे है। कम बारिश का असर खेती पर हो रहा है।

**सालों पुरानी परंपरा निभाने का दावा–**गांव के लोगों के अनुसार यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है। जब बारिश में देरी होती है और किसानों की चिंता बढ़ती है, तब ग्रामीण मिलकर इस तरह का आयोजन करते हैं।हालांकि, बारिश और इस तरह के टोटके के बीच वैज्ञानिक संबंध साबित नहीं है। यह पूरी तरह स्थानीय मान्यता और आस्था से जुड़ा मामला है। जिंदा शव यात्रा भी इसी स्थानीय परंपरा का हिस्सा बताई जा रही है।

**ढोल की थाप के साथ गांव में घूमी यात्रा-** इस अनोखी यात्रा के दौरान ग्रामीण ढोल बजाते हुए आगे बढ़े। अर्थी पर जिंदा व्यक्ति को लिटाकर उसे गांव की अलग-अलग गलियों से ले जाया गया।ग्रामीणों ने इस दौरान अच्छी बारिश की कामना की। जिंदा शव यात्रा का वीडियो और तस्वीरें सामने आने के बाद यह घटना सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बन गई है।

# पार्षद कालरा के पत्र और विधायक की चर्चा के बाद ही मामला ठंडा

*इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पार्षद कमलेश कालरा और तत्कालीन एमआईसी सदस्य जीतू यादव के बीच 20 माह पहले हुए विवाद के बाद जीतू यादव की एमआईसी सदस्यता भी गई थी और पार्टी ने बाहर का रास्ता भी दिखाया था। विगत दिनों रमेश मेंदोला और सुमित मिश्रा ने जीतू यादव की वापसी का रास्ता भाजपा में कराया था। जिस दिन जीतू यादव भाजपा में आए उसी दिन पार्षद कालरा ने विधायक मालिनी गौड़ से चर्चा कर पत्र भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को लिखा था। विधायक मालिनी गौड़ ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को फोन भी लगाया था और बात कर कमलेश कालरा की भी बात कराई थी। इस बात को 6 दिन हो गए, लेकिन पत्र और फोन पर हुई बात का कोई असर सामने नहीं आया। आज इस मामले में कालरा ने कहा कि उनकी माता के साथ बदमिजाजी और पुत्र को नग्न करने के मामले में पूरी जानकारी प्रदेश अध्यक्ष को दी गई थी, अब उनसे न्याय की उम्मीद है। कालरा ने कहा अभी तक इस मामले में पत्र के बाद भी अभी कुछ नहीं हुआ है।*

# कमरे में मिले युवती के सड़े-गले शव का मामला हत्या का निकला

## पीएम रिपोर्ट में खुलासा, सिर पर मिले गंभीर चोट के निशान,लिव-इन पार्टनर पर संदेह

इंदौर। बेटमा थाना क्षेत्र के जीवन ज्योति कॉलोनी स्थित एक मकान में मिले युवती के डिकंपोज्ड शव के मामले में सनसनीखेज मोड़ आया है। शुरुआती जांच में जिसे संदिग्ध मौत माना जा रहा था, वह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या का मामला निकला है। मृतका के सिर और शरीर पर गंभीर चोटों के निशान मिले हैं। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर फरार चल रहे संदेही युवक की तलाश तेज कर दी है।

पुलिस के अनुसार, 19अगस्त को जीवन ज्योति कॉलोनी के एक किराए के कमरे से सागर निवासी पिंकी नाम की युवती का डिकंपोज्ड शव बरामद हुआ था। मकान से तेज बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी थी।

जांच में सामने आया कि मृतका कुछ दिन पहले शुभम नाम के युवक के साथ वहां किराए पर रहने आई थी।जांच के दौरान मृतका की जेब से एक पत्र भी मिला था, जिसमें प्रताड़ना की बात लिखी हुई थी। हाल ही में पुलिस को मिली पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉक्टरों ने खुलासा किया कि युवती की मौत सिर पर लगी गंभीर चोट और मारपीट के कारण हुई है।?पीएम रिपोर्ट और मर्ग जांच के आधार पर बेटमा पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से ही साथ रह रहा संदेही शुभम गायब है। पुलिस का मानना है कि वारदात में उसी का हाथ हो सकता है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# सारांश ने लंका को 290 पर रोका, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में विकटों का खाता खोला

**कोलंबो ।** इंदौर के सारांश जैन ने दूसरे टेस्ट में श्रीलंका की पहली पारी 290 के स्कोर पर समेटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । आज टीम ने आठ विकेट पर 265 रन से आगे खेलना शुरू किया और 25 रन बनाने में बाकी के दो विकेट गंवा दिए। सोनल दिनुषा के रूप में टीम को आखिरी झटका लगा। दिनुषा 162 गेंद में आठ चौके और तीन छक्के की मदद से 103 रन बनाकर आउट हुए। श्रीलंकाई टीम फॉलोऑन नहीं बचा सकी। उसे इसके लिए 304 रन बनाने थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। भारत ने श्रीलंका को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर कर दिया है। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में नौ विकेट पर 503 रन बनाकर पारी घोषित कर दी थी। इस लिहाज से भारत को अभी भी 213 रन की बढ़त हासिल है।

श्रीलंका को आज दोनों झटके सारांश जैन ने दिए और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने विकेटों का खाता खोला। दिनुषा के अलावा सारांश ने लाहिरू कुमारा (12) को आउट किया था। ऋषभ पंत भी विकेटकीपर के तौर पर अपने रोल में वापस आ चुके हैं। इससे पहले तीसरे दिन तक श्रीलंका ने आठ विकेट पर 265 रन बनाए थे। दिनुषा के अलावा पासिंदु सूरियाबंदारा ने ही 50द रन की पारी खेली। पासिंदु 133 गेंद में नौ चौके की मदद से 80 रन बनाकर आउट हुए थे। इन दोनों के अलावा कोई 50 का आंकड़ा पार नहीं कर सका। सोनल दिनुषा (103) के लिए भारत के खिलाफ यह सीरीज शानदार रही है। उन्होंने कोलंबो में करियर का दूसरा शतक जड़ा। ऋषभ पंत विकेट कीपिंग के लिए उतरे हैं। आज ध्रुव जुरेल विकेट कीपिंग का जिम्मा नहीं निभा रहे।

# निर्माण कार्य पर रोक, सिविल कोर्ट का आदेश रद्द कर अपीलीय कोर्ट का फैसला

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

नवम् अतिरिक्त जिला न्यायाधीश इंदौर ने एक प्रॉपर्टी के मामले में सोनकच्छ, जिला-देवास निवासी दो भाई-बहनों के विरुद्ध आदेश जारी करते हुए वादी अशोक अग्रवाल कालानी नगर इंदौर के हित में निषेधाज्ञा जारी करके हुए प्रतिवादीगण को वादी के विनय-विहार (स्वास्थ्य नगर) स्थित भूखण्ड क्र.-159 पर किसी भी निर्माण कार्य करने पर रोक लगा दी है। प्रकरण में अपीलांट के अधिवक्ता के.पी. माहेश्वरी के अनुसार वादी ने विनय विहार (स्वास्थ्य नगर) का भूखण्ड क्र.-159, संस्था से 2011 में क्रय किया था। 1800 वर्गफीट के उक्त भूखण्ड का आधा भाग वादी ने हेमलता पाठक नरसिंहगढ़ को बेच दिया था और आधे भाग का कब्जा एवं मालिकी वादी के पास थी, किन्तु सोनकच्छ, जिला-देवास के अनुज जोशी एवं श्रेया जोशी द्वारा प्लाट पर निर्माण चालू कर दिया। अधीनस्थ न्यायालय ने वादी को स्टे-आर्डर देने से इंकार कर दिया, तो प्रकरण अधिवक्ता के.पी. माहेश्वरी के माध्यम से जिला न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत हुआ। न्यायाधीश विवेक कुमार चंदेल ने दोनों पक्षों की सुनवाई करने के पश्चात अपीलांट की अपील स्वीकार करते हुए फैसला दिया कि विनय-विहार (स्वास्थ्य नगर), कबीटखेड़ी का भूखण्ड क्र.-159 वादी द्वारा सोसायटी से खरीदकर आधा भाग हेमलता पाठक को रजिस्ट्री से बेचा और आधे भाग पर प्रतिवादीगण द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है, जो दाविया भूखण्ड को महाशक्ति नगर, पराग नगर का प्लाट बताते है। वादी ने जो फोटो-चित्र विचारण न्यायालय में प्रस्तुत किये, उससे दर्शित है कि निर्माण कार्य हो रहा है, जबकि विनय-विहार कॉलोनी के ले-आउट में भी भूखण्ड क्र.-159 मौजूद है, जो सोसायटी ने वादी को विक्रय किया है, जिसकी रजिस्ट्री भी पेश करके वादी ने इस भूखण्ड के सभी श्रृंखलाबद्ध विक्रय पत्रों को प्रस्तुत किया है। उक्त पूर्ण जानकारी अधिवक्ता केपी माहेश्वरी ने दी।

# विद्युत मंडल ने शुरू की रबी सीजन की तैयारी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने मंगलवार दोपहर विभागाध्यक्षों की मीटिंग ली। उन्होंने कहा कि कुछ सप्ताह बाद रबी सीजन प्रारंभ होने की स्थिति बनेगी। अधीक्षण अभियंता (एसई), मुख्य अभियंता (सीई) रबी की सीजन की तैयारी गंभीरता से करें। सिंचाई क्षेत्र के ग्रिडों के मैंटेनेंस, लाइनों के कार्य, पोल, ट्रांसफार्मरों के कार्य समय पर पूर्ण कर लिए जाए, ताकि रबी सीजन में किसानों को सिंचाई में सुविधा मिले। सिंह ने कहा कि केडब्ल्यूएफ, आरडीएसएस, एसएसटीडी इत्यादि के कार्यों से कृषि क्षेत्र को पर्याप्त सुविधाएं मिलनी चाहिए, कृषक कल्याण वर्ष में हमें अधिकाधिक सुविधाएं प्रदत्त करना हैं। सिंह ने कहा कि एक बार मानसून सक्रिय हो गया हैं, ऐसे में मौसमी बदलाव के कारण यदि कहीं आपूर्ति बाधा आती हैं, तो ज्यादा कर्मिक लगाकर आपूर्ति सामान्य की जाए। सिंह ने भंडार शाखा प्रभारी को केबल, तार, ट्रांसफार्मर, पावर ट्रांसफार्मर का मैदानी अधिकारियों द्वारा की गई मांग एवं मंजूरी के मुताबिक प्रबंध करने को कहा। उन्होंने उपभोक्ता शिकायत निवारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। प्रबंध निदेशक सिंह ने कहा कि शनिवार, रविवार को सीई, एसई इत्यादि वरिष्ठ अधिकारी मैदानी दौरा करेंगे। बैठक में अधकारी प्रकाश सिंह चौहान, गजरा मेहता, एसएल करवाड़िया, आरसी जैन, सुषमा गंगराड़े, सुनील पाटौदी, अंतिम जैन, संजय मालवीय, निर्मल शर्मा, नरेंद्र दुबे आदि मौजूद थे।

# अब इस देश से खेलेगी संजय बांगर की बेटी अनाया

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगर की बेटी अनाया बांगर के करियर और जीवन में एक बड़ा सकारात्मक मोड़ आया है। जेंडर-अफॉर्मिंग सर्जरी कराने के बाद 25 वर्षीया ट्रांस-एथलीट अनाया को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने ऑस्ट्रेलिया में कम्युनिटी प्रीमियर महिला क्रिकेट खेलने की आधिकारिक मंजूरी दे दी है। इस फैसले के साथ ही अब अनाया के महिला क्रिकेट के मैदान पर दोबारा वापसी करने का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है।

### क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने दी अनुमति

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ट्रांसजेंडर एंड जेंडर डाइवर्स प्लेयर्स इन एलीट क्रिकेट पॉलिसी के अनुसार, एलीट या व्यावसायिक स्तर पर महिला क्रिकेट खेलने के लिए खिलाड़ी का टेस्टोस्टेरोन स्तर लगातार



12 महीनों तक 10 नैनोमोल प्रति लीटर से कम होना अनिवार्य है। बोर्ड के इंटीग्रिटी विभाग की प्रमुख जैकी पार्टरिज ने अनाया को लिखे पत्र में स्पष्ट किया है कि मार्च 2027 तक वे ऑस्ट्रेलिया के किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में कम्युनिटी और प्रीमियर क्रिकेट खेल सकती हैं क्योंकि यह स्तर एलीट क्रिकेट के दायरे में नहीं आता है। इसके अलावा, यदि वे मार्च 2027 में एलीट महिला क्रिकेट खेलना चाहती हैं तो उन्हें तय टेस्टोस्टेरोन मानकों को पूरा करने के लिए ब्लड टेस्ट रिपोर्ट जमा करनी होगी।

### क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की तारीफ की

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की तारीफ करते हुए अनाया बांगर ने कहा, यह मेरे लिए एक बहुत बड़ा दिन है, खासकर यह जानने के बाद कि मैं दोबारा क्रिकेट खेल सकती हूं। एक वक्त ऐसा भी था जब मुझे लगा था कि मैं अब कभी बल्ला नहीं थाम पाऊंगी, लेकिन क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मुझे एक नया अवसर दिया है। यह सिर्फ मेरे लिए ही नहीं बल्कि उन सभी एथलीट्स के लिए एक मिसाल है जो ट्रांजिशन और अपने पसंदीदा खेल में से किसी एक को चुनने के लिए मजबूर थे। हालांकि, शुरुआत से ही यह सफर शारीरिक के साथ-साथ भावनात्मक रूप से भी काफी दर्दनाक रहा जिससे मेरे रिश्ते, दोस्त, करियर और पूरी जिंदगी बदल गई।

# श्रीलंका के शेष विकेट गिराकर फॉलोऑन देने की तैयारी टीम इंडिया की

**कोलंबो ।** टीम इंडिया और श्रीलंका के बीच कोलंबो के एसएससी में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस मुकाबले के 3 दिन का खेल समाप्त हो गया है। भारत ने 503/9 पर पारी घोषित कर दी थी। इसके बाद श्रीलंका ने 8 विकेट खोकर पहली पारी में 265 रन बना लिए हैं। 238 रनों से मेजबान टीम अभी भी पीछे है। ऐसे में अगर दो विकेट भारत जल्दी ले लेता है और 200 से ज्यादा रनों की बढ़त होती है तो भारतीय टीम फॉलोऑन भी श्रीलंका को दे सकती है। इस पर टीम इंडिया के बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल का भी बयान आ गया है।

टीम इंडिया की नजरें पहले तो श्रीलंका को समेटने पर हैं और फिर फॉलोऑन पर भी विचार किया जा सकता है, क्योंकि तीन दिन में 222 ओवर ही फेंके गए हैं और आगे भी बारिश की संभावना है। ऐसे में फॉलोऑन एक अच्छा विकल्प इस मैच में टीम इंडिया को जीत के लिए है। अगर श्रीलंका ने चौथे दिन 39 रन और बना दिए तो फिर फॉलोऑन लागू नहीं हो पाएगा। ऐसे में नजरें होंगी कि 85 रन पर नाबाद लौटे सोनल दिनूशा क्या करते हैं और आने वाले नए बल्लेबाजों के साथ वे कैसे खेलते हैं।

टीम इंडिया ने दूसरी नई गेंद भी ले ली है, जो अभी सिर्फ 3.2 ओवर पुरानी है, जिससे कुछ मौके दिन की शुरुआत में बन सकते हैं। भारत ने 118.5 ओवर फेंकने के बावजूद दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ फॉलोऑन लागू किया था। ऐसे में यहां भी संभावना है कि भारत ऐसा कर सकता है। इस पर तीसरे दिन के खेल के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने बात की और कहा कि पहली कोशिश बाकी के दो विकेट लेने की होगी।



### कोशिश होगी जल्दी विकेट ले लें- मोर्केल

*मोर्ने मोर्कल ने कहा, यह पहला इनाम होगा... कि हम कल जल्दी दो विकेट ले सकें। मुझे पता है कि यह एक घिसी-पिटी बात है, लेकिन आप जानते हैं, मौसम को देखते हुए और कभी-कभी कवर्स को ऑन और ऑफ करने में जो समय लगता है, हम कोशिश करना चाहते हैं कि श्रीलंकाई टीम को ज्यादा से ज्यादा ओवर मिलें। इसलिए उम्मीद है कि हम कल वे विकेट ले पाएंगे और फिर हिम्मत दिखाकर, उन्हें बल्लेबाजी के लिए बुलाकर, अच्छी बॉलिंग कर पाएंगे। वैसे आमतौर पर टीमें तीसरी पारी में बल्लेबाजी करना पसंद करती हैं, भले ही फॉलोऑन का मौका होगा, क्योंकि वे सामने वाली टीम को पूरी तरह से मैच से बाहर करना चाहती हैं। हालांकि, यहां परिस्थितियां बारिश के कारण अलग हैं और बैटिंग के लिए पिच भी अच्छी है।*

# आज प्रदेश के क्रिकेटरों पर होगी धन वर्षा

**इंदौर।** मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) द्वारा आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदेश भर के उभरते और उत्कृष्ट क्रिकेट खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाता है । साथ ही खिलाड़ियों पर धन वर्षा भी होगी। बीसीसीआई और एमपीसीए द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और टीमों को लाखों रुपए की राशि दी जाएगा। साथ ही लाइफटाइम अचिवमेंट अवार्ड के नामों की भी घोषणा होगी। वैसे इस बार जबलपुर के आनंद पटेल और ग्वालियर के प्रशांत मेहता को यह सम्मान मिलेगा । इस बार प्रदेश के इन होनहारों को पूर्व भारतीय दिग्गज तेज गेंदबाज और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ इस गरिमामयी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और मध्य प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को पुरस्कृत करेंगे। साथ ही केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, एमपीसीए अध्यक्ष महानआर्यमन सिंधिया भी इस समारोह में मौजूद रहेंगे । ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आज शाम 7 बजे से होने वाले इस समारोह में घरेलू सत्र (रणजी ट्रॉफी, आयु वर्ग प्रतियोगिताएं और महिला क्रिकेट) में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, कोचों और मैच अधिकारियों को ट्रॉफी एवं नकद पुरस्कार से नवाजा जाएगा।

## छात्र अतहर को कराटे में ग्रीन बेल्ट

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** तिलक नगर स्कूल के कक्षा चौथी के छात्र अतहर खान ने कराटे बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में उत्तीर्ण होकर ग्रीन बेल्ट प्राप्त किया। अपनी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया। मार्गदर्शक सईद आलम, पिता अब्दुल राशिद और माता गुलनाज ने सफलता पर खुशी जाहिर कर बधाई दी।



## माहेश्वरी स्कूल के चार खिलाड़ी हुए सफल

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** श्री माहेश्वरी हायर सेकेंडरी स्कूल छत्रीबाग के चार प्रतिभाशाली कराते विद्यार्थी खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन कर पदक जीते। इनमें भाव्य, कशिश ने अहमदाबाद में अनस और सफान ने डेली कालेज में अपने वर्ग में स्वर्ण से लेकर कांस्य पदक जीते। इन चारों विद्यार्थियों का स्कूल में सम्मान किया गया। उक्त जानकारी भरत सारडा, देवेन्द्र बाहेती, मनोहरदास सोमानी, शैलेष सोडानी, प्रतिभा कानूनगो ने दी। पुरुषोत्तमदास पसारी बधाई दी।



# देश के चुनिंदा साफ्टबॉल खिलाड़ी शहर में लेंगे गहन प्रशिक्षण



**इंदौर।** 15 वर्ष आयु समूह के भारतीय सॉफ्टबॉल टीम के चयन प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन चिमनवाग मैदान पर रमेश मेदोला अध्यक्ष भारतीय सॉफ्ट बॉल संघ के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ । यह टीम चाइना में आयोजित एशियन चैंपियनशिप में भाग लेगी साथ ही एशियन यूनिवर्सिटी महिला सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता हेतु जाने वाली भारतीय टीम का चयन प्रशिक्षण शिविर इंदौर में आयोजित किया गया, महिला टीम ताईवान में भाग लेने हेतु जाएगी ।

रमेश मेंदोला ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर हुए कहा की भारतीय सॉफ्टबॉल टीम में चयन होने के लिए अधिकतम प्रयास करे साथ ही भारत को गौरव दिलाने हेतु अपना बेस्ट परफॉर्मेंस प्रेषित करे, आपने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी । इस प्रशिक्षण शिविर में सम्पूर्ण भारत वर्ष से विभिन्न प्रदेशों के 23 खिलाड़ी पंद्रह वर्ष आयु समूह एवं 22 खिलाड़ी यूनिवर्सिटी महिला सॉफ्टबॉल टीम हेतु आमंत्रित किए गए हैं, इस चयन शिविर के पूर्व कोपरगांव में प्रथम चयन शिविर आयोजित किया गया था, इसके उपरांत खिलाड़ी के प्रदर्शन के आधार पर अंतिम चयन हेतु इंदौर में आमंत्रित किया गया। अंतिम चयन के ऊपरात चयनित दोनों भारतीय टीमों के तीन-तीन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएँगे इसके बाद टीमें एशियन चैंपियनशिप में भाग लेने हेतु जाएंगी।

## जकार्ता एशियाड में पदक जीत चुके भानुप्रताप टीम से बाहर, डोप टेस्ट में फंसा

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के भारतीय दल पर डोपिंग का साया बुरी तरह गहरा गया है। दो पहलवानों और एक रोइंग खिलाड़ी के डोप में फंसने के बाद एशियाड में पदक के दावेदार वुशु खिलाड़ी सूर्य भानुप्रताप सिंह भी डोप में फंस गए हैं। उन्हें एशियाई खेलों की टीम से बाहर कर दिया गया है। जम्मू कश्मीर के सूर्य भानुप्रताप सिंह को 65 किलो भार वर्ग के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया था, लेकिन नाडा की टेस्टिंग में उनके सैंपल में प्रतिबंधित सार्म्स एनोबोसार्म (ओस्टारिन) पाया गया है। उन पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया गया है। सूर्य भानुप्रताप के टीम से बाहर होने के कारण वुशु खिलाड़ियों की एशियाई खेलों के लिए संख्या सात रह गई है। सूर्य भानुप्रताप देश के सबसे अनुभवी वुशु खिलाड़ियों में शामिल हैं। उन्होंने 2018 के जकार्ता एशियाई खेलों में 60 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीता था। इससे पहले वह 2015 और 2017 की विश्व चैंपियनशिप में 60 किलो वर्ग में ही कांस्य पदक जीत चुके थे। उन्होंने 2016 के दक्षिण एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। सूर्य से इस बार भी पदक की उम्मीदें की जा रही थीं। वुशु की ग्रीको रोमन कुश्ती टीम में शामिल दीपांशु (130 किलो) और फ्रीस्टाइल टीम में शामिल मुकुल दहिया (86 किलो) भी नाडा की टेस्टिंग में डोप में पॉजिटिव पाए गए हैं।

## ध्यानचंद जयंती पर होगा खेल सम्मान समारोह

**इंदौर।** राष्ट्रीय खेल दिवस (मेजर ध्यानचंद की जयंती) के अवसर पर श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट द्वारा शहर के खेल जगत की प्रतिष्ठित हस्तियों और उभरती हुई खेल प्रतिभाओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह गरिमामयी कार्यक्रम 29 अगस्त को सुबह 10:30 बजे इंडियन कॉफी हाउस रीगल चौराहा पर होगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल एवं मदन परमालिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विशेष समारोह में खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 16 चुनिंदा खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका अभिनंदन किया जाएगा।

# खुद को पुलिस का सिपाही बताकर दी जान से मारने और रेप की धमकी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एक अज्ञात सिरफिरे ने खुद को विजय नगर थाने का सिपाही बताकर फरियादी के भाई का अदालती गिरफ्तारी वारंट जारी होने की बात कही। आरोपी ने फरियादी को घर से उठाने व जान से मारने की धमकी दी और बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी के साथ गाली-गलौज करते हुए गंभीर अपराध की धमकी दे डाली। भंवरकुआं पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी दिनेश पिता हजारीलाल खंडेलवाल निवासी कौशल्यापुरी, चितावद रोड ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर पर मौजूद था, तभी उसके पास एक अनजान मोबाइल नंबरसे कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को विजय नगर थाने का सिपाही बताया और कहा कि उसके भाई हेमराज खंडेलवाल के लोन के सिलसिले में अदालत से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है और वह उसे गिरफ्तार करने आ रहा है। जब फरियादी ने बात समझनी चाही, तो आरोपी अचानक भड़क गया और गालियां देने लगा। आरोपी ने पीड़ित को घर से उठाकर ले जाने और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान जब पीड़ित की पत्नी ने फोन लेकर आरोपी से बात करने की कोशिश की, तो बदमाश ने उसके साथ भी बेहद अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए गालियां दीं और दुष्कर्म करने की धमकी दे डाली। घटना से सहमे परिवार ने तुरंत भंवरकुआं थाने पहुंचकर पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उक्त मोबाइल नंबर के आधार पर उसकी लोकेशन ट्रेस करना शुरू कर दिया है।

# सुनसान मकान से जेवर और नगदी उड़ाए

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के कुलकर्णी का भट्टा इलाके में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए चांदी की ज्वेलरी और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। फरियादी जब शहर से बाहर गए हुए थे, उसी दौरान अज्ञात बदमाश घर में घुसे और अलमारी खंगालकर रफूचक्कर हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, कुलकर्णी का भट्टा निवासी लालराम पिता मिश्रीलाल लाहोरिया ने परदेशीपुरा थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि वह किसी काम से उज्जैन गए हुए थे। जब वे वापस लौटे और घर के अंदर पहुंचे, तो अलमारी खुली पड़ी थी और सामान अस्त-व्यस्त था।पड़ताल करने पर अलमारी में रखी एक जोड़ी चांदी की पायल, तीन बिछिया और 19,500 रुपये नगद गायब मिले। फरियादी के अनुसार उनके पास उक्त जेवरातों के बिल उपलब्ध नहीं हैं। पीड़ित का आरोप है कि उनकी गैरमौजूदगी में कोई अज्ञात बदमाश चोरी की नीयत से घर में दाखिल हुआ और नकदी व जेवर चुराकर फरार हो गया।

# मास्टर चाबी से बाइक चुराने वाले तीन चोर गिरफ्तार

## 3 लाख रुपये की 5 मोटरसाइकिलें जब्त

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



खजराना थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से विभिन्न थाना क्षेत्रों से चुराई गई 3 लाख रुपये से अधिक कीमत की 5 मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। शातिर चोर अपने नशे की लत और शौक पूरा करने के लिए मास्टर चाबियों का इस्तेमाल कर गाड़ियों के लॉक खोलकर चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस ने ई-रक्षक ऐप और सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों का सुराग लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, फरियादी अल्ताफ की शिकायत पर खजराना थाने में बाइक चोरी का अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इलाके के कई सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और सूचना संकलित की। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो-तीन संदिग्ध आरोपी रंगून गार्डन के पास खजराना स्टार चौराहे पर एक सुनसान जगह पर खड़े हैं। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए विशेष पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर तीनों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम फरदीन उर्फ कालू पिता यूनुस शेख निवासी झुमरू कॉलोनी, खजराना, इरशाद पिता जाकिर खान निवासी हबीब कॉलोनी, खजराना और मोहम्मद अशफाक अंसारी पिता अजीजुर रहमान निवासी दौलत गंज, कोतवाली बताया। आरोपियों के कब्जे से 5 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं। खजराना थाना पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से शहर के अन्य थाना क्षेत्रों में हुई वाहन चोरी की वारदातों के संबंध में कड़ाई से पूछताछ कर रही है।



# कुबेरेश्वर धाम से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार दुर्घटनाग्रस्त

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सीहोर के कुबेरेश्वरधाम स लौट रहे महाराष्ट्र के श्रद्धालु की तेज रफ्तार कार राऊ बासपास के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मिली जानकारी के अनुसार कार क्रमांक एमएच 46 बीई 8267 में चार लोग सवार थे। अनियंत्रित कार डिवाइडर में जा घुसी जिसके कारण कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार का अगले हिस्से में जमकर टूट फूट हुई। वहीं कार सवार चार लोगों को गम्भीर चोट आई जिसके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।

# 5.20 लाख रुपये की एमडी ड्रग्स के साथ कुख्यात तस्कर बारीक गिरफ्तार

**इंदौर।** शहर में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत इंदौर क्राइम ब्रांच की टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने डीआरपी लाइन अस्पताल के सामने घेराबंदी कर एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 52.71 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स जब्त की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 5 लाख 20 हजार रुपये बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार, क्राइम ब्रांच की टीम बीती रात मादक पदार्थों के संदेहियों की तलाश हेतु डीआरपी लाइन अस्पताल के पास शांतिपथ रोड पर गश्त पर थी। इसी दौरान एक व्यक्ति पुलिस को देखकर संदिग्ध अवस्था में छिपने का प्रयास करने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम फैजान पठान उर्फ बारीक निवासी सदर बाजार, इंदौर बताया।



पुलिस टीम द्वारा ली गई तलाशी में आरोपी की पेंट की जेब से 52.71 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई, पुलिस ने मादक पदार्थ को विधिवत जब्त कर आरोपी फैजान को गिरफ्तार कर लिया। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपी 7वीं तक पढ़ा-लिखा है और इलेक्ट्रॉनिक हीटर बनाने का काम करता है। क्राइम ब्रांच इंदौर ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उससे नेटवर्क व शहर में सप्लाई के ठिकानों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# टर्न लेते समय बिगड़ा महाराष्ट्र से आ रही बस का संतुलन

## करीब 10 सवारियां घायल



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अलसुबह लिम्बोदी गेट के समीप असंतुलित बस सड़क किनारे जा घुसी। बताया जा रहा है कि पलक झपकते ही हादसा हो गया। बस मोड़ पर टर्न ले रही थी तभी असंतुलित हुई। हादसे में घायल हुए लोगों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही तेजाजी नगर और भंवरकुआ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन की मदद से बस को हटवाया। तेजाजी नगर थाना प्रभारी देवेन्द्र मरकराम ने बताया कि बस महाराष्ट्र से इन्दौर आ रही थी। बस सवारियों से भरी हुई थी। करीब 10 लोग इसमें घायल हुए है। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। पुलिस घायलों की जानकारी जुटा रही है।

# बाइक पर बैठने से मना करने पर विवाद..नाबालिग पर चाकू से हमला

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

आजाद नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत वाटर पंप के पास बाइक पर बैठने की बात को लेकर विवाद में एक नाबालिग पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने गाली-गलौज का विरोध करने पर 17 वर्षीय किशोर पर चाकू से वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, फरियादी यासमीन पति वसीम निवासी वाटर पंप, आजाद नगर ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उनके बेटे अर्सलान (17 वर्ष) की मोटरसाइकिल पर क्षेत्र का रहने वाला फैजान बैठा हुआ था। जब अर्सलान ने फैजान को गाड़ी पर से हटने के लिए कहा, तो आरोपी गालियां देने लगा। जब अर्सलान ने अकारण गाली देने से मना किया और विरोध जताया, तो वहां मौजूद फैसल उग्र हो गया। आरोपी फैसल ने अपने पास रखे धारदार चाकू से अर्सलान पर हमला कर दिया। चाकू के वार से अर्सलान के बाएं हाथ की हथेली और कोहनी पर गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकले। परिजनों ने घायल किशोर को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया और थाने में मामला दर्ज कराया।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।